mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-202 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना

22 जुलाई 2024 सोमवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



टीम से ड्रॉप... @ पेज 7

**4 साल बाद हुआ ऐसा,2020 में जवानों को लद्दाख में एलओसी भेजा गया था**

## जम्मू में भारत-पाक बॉर्डर पर बीएसएफ के साथ सेना तैनात

**श्रीनगर (एजेंसी)।** पाकिस्तान से जुड़े जम्मू बॉर्डर पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ ही सेना तैनात कर दी गई है। 2020 में चीन के साथ टकराव के बाद जवानों को जम्मू रीजन से हटाकर लद्दाख में लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) भेज दिया गया था। हालांकि, अभी एलओसी से यहां जवान नहीं लाए जाएंगे, बल्कि जम्मू में दो-तीन दिन में अतिरिक्त तैनाती होगी।



जो जवान पहले से जम्मू में हैं, उन्हें बॉर्डर भेज दिया है। सैन्य सूत्रों के मुताबिक कठुआ के पहाड़ी इलाकों के 80 किमी दायरे में जवान तैनात हो चुके हैं। इन्होंने नदियों, बरसाती नालों, घुसपैठ के पुराने मार्गों को पूरी तरह नियंत्रण में ले लिया है। यह जानकारी शनिवार को जम्मू पुलिस मुख्यालय में सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी की मौजूदगी में हुई बैठक में दी गई।

इसमें बताया गया कि जम्मू रीजन में जवान बढ़ाने और खुफिया सूचनाओं को तुरंत साझा करने के लिए मल्टी एजेंसी सेंटर को उन्नत कर रहे हैं। आतंकियों के सफाए के लिए इंटर कमांड बदलाव करते हुए कमांडो भी तैनात किए जा रहे हैं। वेस्टर्न कमांड से भी फौज भेजी गई है।

## भारत से बैन हटाओ, एफ-35 फाइटर जेट जल्द दो

**रूस से दिल्ली की नजदीकी ने उड़ाई अमरीकियों की नींद, सता रहा है बड़ा डर**

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** भारत ने हाल के समय में अपनी सेना को मॉडर्न करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। इस कड़ी में भारत मॉडर्न फाइटर जेट की खरीद करने जा रहा है। हथियार खरीद के लिए भारत खासतौर से रूस पर निर्भर रहा है लेकिन कई



दूसरे देशों से भी उसने कई सैन्य डील की हैं। पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के लिए भारत की फेवरेट लिस्ट में यूएस के एफ-35 और रूसी एसयू-57 हैं। इस बीच अमेरिका में मांग उठी है कि प्रतिबंधों पर पुनर्विचार करते हुए भारत को एफ-35 बेचा जाना चाहिए। अमेरिका में एक बड़े वर्ग का मानना है कि अमेरिका अगर भारत को एफ-35 देता है तो उसे चीन का मुकाबला करने में मजबूत मिलेगी। साथ ही साथ रूसी तकनीक पर भी भारत की निर्भरता कम हो जाएगी। द नेशनल इंट्रेस्ट की रिपोर्ट कहती है कि भारत दो परमाणु हथियार संपन्न शक्तियों चीन और पाकिस्तान की आक्रामकता का सामना कर रहा है। चीन और पाकिस्तान के सैन्य खतरों को ध्यान में रखते हुए नई दिल्ली सैन्य आधुनिकीकरण की होड़ में लगी हुई है।

### संक्षिप्त समाचार

## लेफ्ट दलों से भी ज्यादा हिंसक हो गई है टीएमसी

- शहजाद पूनावाला का ममता की पार्टी पर बड़ा अटैक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने तृणमूल कांग्रेस पर अटैक किया है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी ने 21 जुलाई को शहीद दिवस के तौर पर मनाने का फैसला लिया है। इसी पर कटाक्ष करते हुए शहजाद पूनावाला ने टीएमसी को एक खास सलाह दी।



शहजाद पूनावाला ने वीडियो संदेश जारी कर कहा, तृणमूल कांग्रेस तो लेफ्ट दलों से भी ज्यादा हिंसक हो गई है। ऐसे में उन्हें शहीद दिवस की बजाय आत्मनिरीक्षण दिवस मनाना चाहिए। बीजेपी प्रवक्ता पूनावाल ने आगे कहा कि टीएमसी कहती है 21 जुलाई को वे शहीद दिवस के रूप में मनाएंगे, शहीदों को याद करेंगे।

## गाजा के बाद अब इजराइल ने यमन पर किया हमला

- हूती के ठिकानों पर एयरस्ट्राइक, रक्षा मंत्री बोले-यह इजराइलियों के खून की कीमत



**होदेइदा (एजेंसी)।** हमास के खिलाफ जंग के 9 महीने बाद इजराइल ने शनिवार को पहली बार यमन में हूती विद्रोहियों के कई ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। न्यूज एजेंसी ने बताया कि इजराइल ने हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले होदैदा पोर्ट और पावर स्टेशन को निशाना बनाया। यमन के न्यूज चैनल अलमसीरा टीवी ने बताया कि हमले के बाद एक फ्यूल डिपो में भीषण आग लग गई। सोशल मीडिया पर कई फोटो और वीडियो सामने आए हैं, जिसमें धुएं का गुबार उठते देखा गया है।

## नीट पेपर लीक में पहचान बदलकर मेडिकल कॉलेज पहुंची सीबीआई

- डॉक्टरी कर रहे 2 स्टूडेंट गिरफ्तार



**भरतपुर (एजेंसी)।** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने भरतपुर (राजस्थान) के जगन्नाथ पहाड़िया मेडिकल कॉलेज के दो स्टूडेंट को गिरफ्तार किया है। दोनों स्टूडेंट ने डमी कैंडीडेट बनकर हजारीबाग (झारखंड) में 5 मई को पेपर दिया था। सीबीआई की टेक्निकल सर्विलांस टीम ने दोनों स्टूडेंट के एग्जाम के दौरान हजारीबाग में मौजूद होने की पुष्टि की।



**चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ ट्रेन हादसे की आ गई पहली रिपोर्ट**

## ट्रेन की स्पीड तीन गुना ज्यादा थी, ट्रैक में भारी गड़बड़ी थी

**लखनऊ (एजेंसी)।** चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ ट्रेन हादसे की पहली रिपोर्ट सामने आई है। रेलवे ने रिपोर्ट में बताया है कि ट्रैक की गड़बड़ी की वजह से हादसा हुआ। ट्रैक पर 30 किलोमीटर की रफ्तार से ट्रेन चल सकती है, लेकिन लोको पायलट (ट्रेन ड्राइवर) को इसके बारे में बताया ही नहीं गया। उसने 86 किलोमीटर की स्पीड से ट्रेन दौड़ा दी और हादसा हो गया। हादसे के 2 मिनट बाद उसे कॉशन मिला। इसके अलावा, जांच में ट्रैक 4 मीटर खिसका मिला है। ट्रैक को ठीक से कसा भी नहीं गया था। लखनऊ के 6 रेलवे अफसरों की जॉइंट कमेटी ने 36 पॉइंट में रिपोर्ट तैयार की है। 5 अफसरों ने हादसे की वजह इंजीनियरिंग विभाग की लापरवाही और 1 ने गलत ढंग से ब्रेक लगाना बताया है। आज चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ ट्रेन से जुड़े 41 रेल अधिकारी और कर्मचारियों को डीआरएम ऑफिस लखनऊ में तलब किया गया है। उत्तर पूर्वी परिमंडल के रेल संरक्षा आयुक्त प्रणजीव सक्सेना सभी के बयान दर्ज करेंगे। 6 सदस्यीय जांच टीम को ट्रेन के लोको पायलट त्रिभुवन नरायण और सहायक लोको

- **हादसे के बाद कॉशन मिला, 5 अफसरों ने लापरवाही मानी**

पायलट राज ने बताया- मोतीगंज स्टेशन से दोपहर 2.28 बजे ट्रेन 25 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से निकली। रेलवे ट्रैक पर जहां किलोमीटर संख्या 638/12 का पॉइंट का लगा है वहां जोर का झटका लगा।

खड़खड़ की आवाज आने के साथ प्रेशर कम होने लगा। 86 किमी प्रति घंटे की गति से दौड़ रही ट्रेन में इमरजेंसी ब्रेक का इस्तेमाल कर इंजन के ऊपर लगा हुआ पेंटो डाउन किया गया। इससे इंजन को बिजली मिलती है। ड्राइवर ने पीछे देखा तो ट्रेन की बोगियां उतर चुकी थीं। इंजन की फ्लैश लाइट जलाकर सहायक लोको पायलट राज को बगल की लाइन की सुरक्षा के लिए भेज दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि पटरी 3 मीटर तक फैल गई थी, जिसके कारण ट्रेन का पहिया उतरा। लोको पायलट को झटका लगा तो उसने इमरजेंसी ब्रेक लगाई। इस पर ट्रेन 400 मीटर दूर जाकर रुकी, लेकिन तब तक 19 बोगियां पटरी से उतर गईं। इस दौरान 350 मीटर की दूरी तक ट्रैक क्षतिग्रस्त हो गया।

## फिर आ गया 'निपाह' वायरस का खतरा

**केरल में 14 साल के बच्चे की मौत,हाईलेवल मीटिंग के बाद अलर्ट जारी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केरल में एक बार फिर से निपाह वायरस के खतरे ने दस्तक दे दी है। राज्य के मलप्पुरम के 14 वर्षीय एक लड़के की निपाह वायरस से रविवार को मौत हो गई। पांडिक्कड़ निवासी लड़के को रविवार सुबह 10.50 बजे दिल का दौरा पड़ा और उसे बचाया नहीं जा सका। एनआईवी पुणे की तरफ से निपाह

- **केंद्र की ओर से संक्रमण देखते हुए भेजी जाएगी टीम, जरूरी उपाय को कहा**

वायरस के संक्रमण की पुष्टि की गई थी। राज्य में इस साल निपाह से पहली मौत के बाद सरकार अलर्ट हो गई है। केंद्र सरकार ने मौत के बाद राज्य सरकार से इस संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए जरूरी उपाय करने की बात कही है। इसके साथ ही मामले की जांच, महामारी विज्ञान संबंधों की पहचान और तकनीकी सहायता के साथ राज्य की सहायता के लिए एक जॉइंट आउटब्रेक केंद्रीय टीम तैनात की जाएगी। स्थिति का जायजा लेने के लिए विशेषज्ञों की एक केंद्रीय टीम राज्य में भेजी जाएगी। इससे राज्य सरकार को संक्रमण से निपटने में भी मदद मिलेगी। केरल में पिछले साल भी निपाह वायरस के संक्रमण से मौत दर्ज की गई थी। निपाह वायरस का प्रकोप कोझिकोड जिले में था। वायनाड के इस पड़ोसी जिले में वायरस से छह लोग संक्रमित हुए थे



जिनमें से दो की मौत हो गई। साल 2018, 2021 और 2023 में कोझिकोड जिले में और 2019 में एर्नाकुलम जिले में निपाह संक्रमण फैलने के मामले दर्ज किए गए थे। कोझिकोड, वायनाड, इडुक्की, मलप्पुरम और एर्नाकुलम जिलों के चमगादड़ों में निपाह वायरस की एंटीबॉडी की उपस्थिति का पता चला था। निपाह वायरस मुख्य रूप से फल खाने वाले चमगादड़ों से मनुष्यों में फैलता है। संक्रमित चमगादड़ों, उनकी लार या दूषित भोजन के संपर्क में आने से वायरस फैल सकता है। मनुष्य से मनुष्य में संक्रमण भी देखा गया है, खास तौर पर श्वसन बूंदों और शारीरिक तरल पदार्थों के माध्यम से। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, निपाह वायरस संक्रमण जानवरों से लोगों में फैलता है। यह बीमारी दूषित भोजन या एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में भी फैल सकती है। निपाह वायरस मष्तिष्क को नुकसान पहुंचाता है। वायरस के इस स्वरूप से संक्रमित लोगों में आमतौर पर मृत्युदर 70 से 90 प्रतिशत तक होती है।

### वायरस से कोमा और मृत्यु संभव

खांसी और गले में खराश जैसी सांस से जुड़ी समस्याएं भी हो सकती हैं। गंभीर मामलों में, वायरस से कोमा और मृत्यु हो सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने फ्रूट बैट और सूअरों के साथ संपर्क को कम करने की सिफारिश की है, खासकर प्रकोप वाले क्षेत्रों में। सुनिश्चित करें कि भोजन अच्छी तरह से पकाया गया हो। इसके अलावा कच्चे या आधे पके हुए फलों का सेवन करने से बचें। अच्छी हाइजीन प्रैक्टिस जैसे बार-बार हाथ धोना और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण का उपयोग करना, वायरस के प्रसार को रोकने के लिए आवश्यक हैं। मोनोक्लोनल एंटीबॉडीज निपाह वायरस संक्रमण के लिए एकमात्र उपलब्ध उपचार है। हालांकि अभी तक मेडिकल रूप से इसकी पुष्टि नहीं हुई है। पिछले साल केरल सरकार ने कहा था कि निपाह संक्रमण के खिलाफ एकमात्र उपचार 'मोनोक्लोनल एंटीबॉडी' को घातक वायरस से निपटने के लिए स्वदेशी रूप से विकसित किया जाएगा।

## मानसून सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक,44 पार्टियां हुई शामिल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद के मानसून सत्र और बजट से पहले पार्लियामेंट हाउस में ऑल पार्टी मीटिंग बुलाई गई। बैठक में बीजेपी समेत 44 पार्टियों ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता राजनाथ सिंह ने की। कई केंद्रीय मंत्री इसमें शामिल हुए। विपक्ष की तरफ से कांग्रेस, एएपी, सपा, आरजेडी व अन्य पार्टियों ने हिस्सा लिया। कांग्रेस ने लोकसभा के डिप्टी स्पीकर का पद मांगा। साथ ही कहा- नीट मामले में लोकसभा में चर्चा हो। सपा नेता रामगोपाल यादव ने यूपी कांवड़ यात्रा रूट की दुकानों पर नेम प्लेट लगाने का मुद्दा उठाया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया- बैठक में जेडीयू ने बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा मांगा, वायएस आरसीपी ने आंध्र प्रदेश को भी विशेष दर्जा देने की मांग की। केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई इस बैठक में ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी नहीं आई। पार्टी के नेता डेरेक ओ'ब्रायन ने संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजीजू को चिट्ठी लिखकर बताया कि उनकी पार्टी का कोलकाता में कार्यक्रम है, इसलिएशामिल नहीं हो पाएंगे।

- कांग्रेस ने डिप्टी स्पीकर पद मांगा, नीट, कांवड़ यात्रा का मुद्दा भी उठा

## झारखंड में बीजेपी के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनेंगे नीतिश कुमार!

- 25 प्रतिशत कुर्मी वोटों के लिए सुदेश-जयराम के साथ ठोंकेंगे ताल

पटना (एजेंसी)। झारखंड में विधानसभा चुनाव का भाजपा ने शंखनाद कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को रांची में विधानसभा चुनाव का बिगुल बजा दिया। पार्टी के 26 हजार कार्यकर्ताओं का जुटान हुआ था। इस बार भाजपा का चुनावी एजेंडा वही है, जो लोकसभा में था। मसलन हेमंत सोरेन सरकार का भ्रष्टाचार, घुसपैठ और इसकी वजह से आदिवासी समाज पर पड़ने वाले प्रभाव के अलावा बेरोजगारों के साथ हेमंत सरकार की वादाखिलाफी को आधार बना कर भाजपा जनता के बीच जाएगी। भाजपा के भीतर जातीय समीकरण पर भी फोकस रहेगा। आदिवासियों के लिए आरक्षित सीटें जीतना भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इसके लिए भाजपा ने पहले से ही अपने बड़े आदिवासी नेताओं को मैदान में उतारने की तैयारी कर ली है पर, भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती कुर्मी वोटर हैं, जिनकी आबादी कुड़मी नेता 25 प्रतिशत बताते हैं। इस जाति पर नीतिश कुमार की बड़ी पकड़ है वह खतरा बन सकते हैं।



## गुजरात में बारिश ने मचाया तांडव,एनडीआरएफ तैनात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में बारिश से जुड़ी घटनाओं में पिछले 24 घंटे में 11 लोगों की मौत हो गई। राहत विभाग के मुताबिक शुक्रवार शाम 6.30 बजे से शनिवार शाम 6.30 बजे तक पांच लोग डूब गए और 5 की मौत बिजली गिरने से हुई। जबकि एक की मौत सांप काटने से हो गई। मौसम विभाग ने रविवार 22 जुलाई को विदर्भ, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, उत्तराखंड,

- **उर प्रदेश में 24 घंटे में 11 की मौत, 9 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट**

उत्तर प्रदेश, हरियाणा, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मराठवाड़ा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भारी बारिश की संभावना जताई है। अगले चार दिनों के दौरान कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश में भारी बारिश का अनुमान है। गुजरात के सौराष्ट्र में शनिवार को हुई भारी बारिश के चलते निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। एनडीआरएफ की टीमें राहत और बचाव के लिए तैनात की गई हैं। गुजरात के नखत्राणा में भारी बारिश से पलारधुना झरने में पानी बढ़ने के बाद बाढ़ जैसे हालात बन गए। झरना घूमने गए





2 लोग इसमें फंस गए और 2 घंटे तक बबूल के पेड़ के सहारे लटके रहे। आस-पास के लोगों ने चिल्लाने की आवाज सुनकर इन दोनों को रस्सी के सहारे बाहर निकाला। कर्नाटक के भूस्खलन प्रभावित उत्तर कन्नड़ जिले भारी बारिश के चलते 17 जुलाई को लैंडस्लाइड की घटना हुई। इसके बाद से इलाके में लगातार लैंडस्लाइड हो रहा है। इस लैंडस्लाइड में 10 लोगों के लापता होने की शिकायत मिली थी, जिसमें से 7 की डेडबॉडी बरामद कर ली गई है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है और बाकी 3 लोगों की तलाश भी की जा रही है। ओडिशा की चिलिका झील के पास तटीय क्षेत्र पर शनिवार को एक डिप्रेशन बना। मौसम विभाग के मुताबिक इसके ओडिशा और छत्तीसगढ़ के ऊपर उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है। 1 जून से 18 जून तक राज्य में 394.1 मिमी की नॉर्मल बारिश के मुकाबले 288.3 मिमी बारिश हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### पहले दो दिन में एक लाख 18 हजार से अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरूस्ती आदि राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिये 18 जुलाई से प्रदेशभर में राजस्व महाअभियान 2.0 संचालित किया जा रहा है। महाअभियान के पहले दो दिन में एक लाख 18 हजार 530 राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया। इनमें नामांतरण के 36 हजार 676 प्रकरणों का, बंटवारा के 4 हजार 336 प्रकरणों का और 1069 अभिलेख दुरूस्ती के प्रकरणों का निराकरण किया गया है। प्रदेश में नक्शा तरमीम का कार्य भी लगातार जारी है। महाअभियान के पहले दो दिन में 76 हजार 449 नक्शों का तरमीम किया गया। राजस्व महाअभियान 31 अगस्त तक जारी रहेगा। अभियान के दौरान लंबित राजस्व प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण किया जायेगा। राजस्व आयुक्त मुख्यालय पर राजस्व महाअभियान की रोजाना की कार्यवाही की समीक्षा की जा रही है।

### भगोरिया एवं मोनिया लोक नृत्य की प्रस्तुति

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** जनजातीय संग्रहालय, भोपाल में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना का आयोजन किया जा रहा है। इसमें दोपहर 2 बजे से श्री अभिषेक मण्डोरिया एवं साथी, झाबुआ द्वारा भील जनजाति के लोकप्रिय भगोरिया नृत्य एवं श्री शैलेंद्र सिसोदिया एवं साथी, टीकमगढ़ द्वारा बुन्देलखंड के मोनिया लोकनृत्य की प्रस्तुति दी जायेगी। जनजातीय संग्रहालय में प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाली इस नियमित कार्यक्रम संभावना में मध्यप्रदेश के पांच लोकांचलों एवं सात प्रमुख जनजातियों की बहुविध कला परंपराओं की प्रस्तुति की जाती है। इससे देश के अन्य राज्यों के कलारूपों को देखने समझने का अवसर नागरिकों को मिलता है। यह नृत्य प्रस्तुतियां संग्रहालय परिसर में आयोजित की जायेंगी।

### सी.एम. हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में दतिया अव्वल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के ग्वालियर रीजन अंतर्गत संचारण संधारण वृत्त दतिया ने सी.एम.हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का शत-प्रतिशत समय-सीमा में निराकरण करते हुए पूरे प्रदेश के सभी जिलों में पहला स्थान प्राप्त किया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि बिजली उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ ही बेहतर उपभोक्ता सेवाएं प्रदान करना कंपनी की प्राथमिकता है। बेहतर सुशासन और आमजन की समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए प्रदेश में संचालित सी.एम.हेल्पलाइन योजना के माध्यम से प्राप्त शिकायतों को कंपनी द्वारा समय-सीमा में हल किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में कंपनी कार्यक्षेत्र के दतिया वृत्त ने प्रदेश के जिलों में पहला स्थान प्राप्त किया है। गौरतलब है कि प्रदेश सरकार ने सी.एम.हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के समय-सीमा में निराकरण एवं उपभोक्ता संतुष्टि के आधार पर रैंकिंग जारी की है। इसमें मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के दतिया वृत्त ने पहले स्थान पर जगह बनाई है।

### सामान्य भविष्य निधि वार्षिक लेखा विवरण वेबसाइट पर अपलोड

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), द्वितीय, मध्यप्रदेश, ग्वालियर द्वारा मध्यप्रदेश राज्य के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सामान्य भविष्य निधि लेखाओं के वर्ष 2023-24 के वार्षिक लेखा विवरण कार्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया गया है। अभिदाता अपनी सीरीज प्रविष्टी करके तथा एकाउन्ड नम्बर कॉलम में अपना सामान्य भविष्य निधि लेखा क्रमांक तथा पासवर्ड प्रविष्टी करके लेखा विवरण प्राप्त कर सकते है। लेखा विवरणों में किसी भी विसंगति के ऑनलाइन सुधार के लिये अथवा अन्य शिकायत के लिये अभिदाता सत्यापित विवरण सहित वेबसाइट पर खोलकर में अपनी शिकायत दर्ज कर सकते है। शिकायत का निराकरण एक माह के अंदर प्रधान महालेखाकार की निगरानी में किया जाता है। अभिदाता अपनी शिकायत दूरभाष क्रमांक 0751-2432457 एवं व्हाट्सएप नं. 8827409410 पर भी कर सकते है। सामान्य भविष्य निधि से संबंधित प्राय~ पूछे जाने वाले प्रश्न , आवश्यक आवेदन प्रारूप एवं अन्य फार्म भी कार्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

### देशभर से 1100 से अधिक धावक पहुंचेंगे पचमढ़ी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड (एमपीटीबी) के सहयोग से 'एडवेंचर एंड यू' (के.ए. कनेक्ट) द्वारा नर्मदापुरम जिले में स्थित पचमढ़ी में पचमढ़ी मानसून मैराथन का छटवां संस्करण आयोजित किया जा रहा है। इंदौर, भोपाल, नागपुर, मुंबई, नई दिल्ली, सहित देशभर से 1115 प्रतिभागी हिस्सा लेने के लिये पचमढ़ी पहुंच गए हैं।

# मध्यप्रदेश प्राकृतिक, पुरातात्विक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध - पर्यटन मंत्री लोधी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पर्यटन और संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि मध्यप्रदेश प्राकृतिक, पुरातात्विक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध प्रदेश हैं। मध्यप्रदेश का पर्यटन की दृष्टि से गौरवशाली इतिहास देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करता है। राज्य मंत्री श्री लोधी जबलपुर में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में प्रदेश में टूरिज्म क्षेत्र में सम्भावनाओं पर सेक्टोरियल सेशन को सम्बोधित कर रहे थे। राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश पर्यटन क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ा है। उन्होंने बताया कि विगत वर्ष में 11 करोड़ से अधिक पर्यटक मध्यप्रदेश के विभिन्न पर्यटन क्षेत्रों में पहुँचे, जिसमें से अकेले महाकाल लोक उज्जैन का 5




करोड़ से अधिक पर्यटकों ने भ्रमण किया। उन्होंने बताया कि महाकाल लोक की तर्ज पर प्रदेश के अन्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों को लोक के रूप में विकसित किया जा रहा है। श्री लोधी बताया प्रदेश में श्रीराम पथ गमन के निर्माण के लिए चित्रकूट सहित भगवान श्री राम के वन गमन से संबंधित 23 स्थानों को चिन्हित कर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। पर्यटन मंत्री श्री लोधी ने कहा मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश को पर्यटन में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा हैं। हाल ही में पीएमश्री हेली सेवा योजना के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थल को जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि ओंकारेश्वर स्थित स्टेच्यू ऑफ वननेस से गुजरात स्थित स्टेच्यू ऑफ यूनिटी के बीच क्रूज सेवा प्रारंभ करने के लिए मध्यप्रदेश एवं गुजरात के बीच एमओयू साइन किये गए हैं। मंत्री श्री लोधी ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने उपस्थित उद्योगपतियों से पर्यटन क्षेत्र में निवेश करने के लिए आगे आने की अपील की। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति श्री शिव शेखर शुक्ला ने प्रदेश में पर्यटन और आतिथ्य के क्षेत्र में संभावनाओं और प्रदेश के गंतव्य स्थलों की विशेषताओं को विस्तार से निवेशकों के बीच रखा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 12 राष्ट्रीय उद्यान, 25 अभ्यारण्य, 7 टाइगर रिजर्व, 14 यूनेस्को विश्व विरासत स्थल (11 टेंटेटिव और 3 परमानेंट साइट) और श्री महाकालेश्वर एवं श्री ओंकारेश्वर 2 ज्योतिर्लिंग का होना प्रदेश को प्राकृतिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक रूप से समृद्ध बनाता है।

## स्थानीय उत्पादों में स्थानीय उद्योगों ने दिखाई दिलचस्पी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राज्य शासन द्वारा जबलपुर में आयोजित रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव की एक महत्वपूर्ण कड़ी बायर-सेलर मीट रहीं है। इस मीट में कई उद्योगों और उत्पादों से जुड़े एफपीओ, कंपनी और स्टार्टअप को नई ऊँचाइयाँ देने वाले युवा शामिल हुए। शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए इस अवसर का सभी बायर्स और सेलर्स ने लाभ लेने की कोशिशें की। छिंदवाड़ा के सौंसर में पैकेजिंग का स्टार्टअप करने वाले कैलाश गायकवाड़ ने रेमण्ड शूटिंग एंड शर्टिंग के उत्पाद की पैकिंग करने पर पहले दौर की चर्चा की। इसी तरह जबलपुर में ही अश्वगंधा, मिर्च और चिया की खेती करने वाले निखिल अग्रवाल भी अपने उत्पादों के प्रसंस्करण से सम्बंधित शासन की योजनाओं के सम्बंध में स्टाल पर जानकारी ली। इसी तरह भोपाल के कॉग्नीफर सोलुशन लिमिटेड के अमित कुमार और सेंट्रिक इरा के प्रदीप बिस्वारी ने अपने उत्पादों के निर्माण को लेकर आने वाली लागत को कम करने तथा विक्रय के बारे में पहली बार चर्चा की। बायर्स व सेलर्स मीट में आने वाले डेलीगेट्स और उद्योगों के प्रतिनिधियों ने डिंडोरी के हल चलित महिला किसान एफपीओ और मिलेट्स पर आधारित उत्पादों पर आधरित स्टॉल पर कई डेलीगेट्स ने जानकारियां ली। यहां कोदों-कुटकी रागी और उससे बने उत्पादों की रेसिपीज आदि की जानकारियां एफपीओ से जुड़ी महिलाओं ने दी। साथ ही तेजस्विनी नारी चेतना महिला संघ की रेखा पेंड्राम के श्रीअन्न के उत्पादों की खरीदी की। बायर्स व सेलर्स मीट में उद्योगों से जुड़े विभागों द्वारा स्टाल्स लगाए गए। इन स्टाल्स पर विभागों से जुड़ी योजनाएं और उद्योग नीति के विषय मे डेलीगेट्स को जानकारियाँ उपलब्ध करवाई। इसमें मप्र टूरिज्म, मंडी बोर्ड, उद्योग, कस्टम, सीजीएसटी और एपीडा ने उद्योग स्थापित करने में आवश्यक सहूलियत आदि के बारे में जानकारियाँ उपलब्ध करवाई।

## मंत्री श्री टेटवाल ने मुरैना आईटीआई का किया औचक निरीक्षण

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदाय करने के उद्देश्य से श्री गौतम टेटवाल कौशल विकास एवं रोज़गार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने डॉक्टर अंबेडकर आईटीआई मुरैना का औचक निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के फ्लैगशिप कार्यक्रम कौशल विकास को रोज़गारपरक एवं गुणवत्तात्मक बनाने की दिशा में अधिक से अधिक आईटीआई का निरीक्षण करने के उपरांत एक दूरदर्शी कार्यायोजना तैयार करने का लक्ष्य है।



## आईएनसी के मापदंड लागू होने पर मध्य प्रदेश में इस सत्र में 30 से 40 नए नर्सिंग कॉलेज ही खुल पाएंगे

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने शुक्रवार को निर्णय दिया है कि मध्य प्रदेश के नर्सिंग कॉलेजों को सत्र 2024 - 25 में इंडियन नर्सिंग काउंसिल (आईएनसी) के मापदंडों के आधार पर मान्यता दी जाए। आईएनसी ने इस वर्ष के लिए 42 कॉलेजों को उपयुक्तता रिपोर्ट दी है। अब राज्य सरकार इन कॉलेजों का आईएनसी के मापदंडों के आधार पर निरीक्षण कराएगी। मापदंड पूरा नहीं होने पर इनमें भी 10 से 15 कॉलेज बाहर हो सकते हैं। दरअसल, आईएनसी के मापदंड अभी तक चल रहे मध्य प्रदेश नर्सिंग काउंसिल के मापदंडों से कठिन हैं। उदाहरण के तौर पर नर्सिंग कॉलेज संचालित करने के लिए



आईएनसी ने 23 हजार वर्गफीट जगह निर्धारित की है, जबकि मध्य प्रदेश नर्सिंग काउंसिल का मापदंड 18 हजार वर्गफीट का है। अन्य मापदंड भी कठिन हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 के पहले तक आईएनसी के मापदंड से ही कॉलेज संचालित हो रहे थे। बाद में प्रदेश ने अपने नियमों से मान्यता देना शुरू किया तभी से गड़बड़ी भी बढ़ गई। मध्य प्रदेश में सबसे अधिक 220 नर्सिंग कॉलेज वर्ष 2020-21 में खुले थे। इस पर भाजपा और कांग्रेस दोनों एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं कि विपक्ष की सरकार ने कॉलेज खोले थे। अब मामला हाई कोर्ट में पहुंचने के बाद अब सख्ती शुरू हुई है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022-23 के बाद से नर्सिंग कॉलेजों में प्रवेश बंद है। अब 2024-25 के सत्र के लिए मान्यता शुरू होगी। लगभग साढ़े 500 पुराने और नए कॉलेजों के निरीक्षण के बाद मान्यता पर निर्णय होगा। मान्यता पाने वाले कॉलेजों में परीक्षा के माध्यम से प्रवेश मिलेगा। चिकित्सा शिक्षा संचालनालय के अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई जिन कॉलेजों को अपनी जांच में उपयुक्त बताएगी उनके लिए निरीक्षण की छूट भी हो सकती है। हालांकि, इस विषय पर अभी निर्णय भी होना है। बता दें कि जांच करने वाले सीबीआई अधिकारियों द्वारा रिश्वत लेने का मामला सामने आने के बाद हाई कोर्ट ने न्यायिक दंडाधिकारी के साथ कॉलेजों की जांच के लिए सीबीआई को कहा है।

## भोपाल को भिक्षावृत्ति से मुक्त करने की मुहिम

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** शहर से भिक्षावृत्ति खत्म करने और इसमें लिप्त लोगों का पुनर्वास कराने के लिए जिला प्रशासन मुहिम चला रहा है। इसी सिलसिले में शहर के विभिन्न इलाकों में सर्वे के लिए दलों का गठन किया गया। इन दलों द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों का सर्वे करते हुए 200 से अधिक भिखारियों को चिह्नित किया गया है, इनमें बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं शामिल हैं। यह सभी चौक, चौराहों, तिराहों, धार्मिक स्थल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और सामाजिक स्थलों पर मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा भीख मांगने वाले गोविंदपुरा संभाग से चिह्नित किए गए हैं। इनकी संख्या 114 है। भोपाल को भिखारी मुक्त बनाने के लिए चल रहा सर्वे शुक्रवार को पूरा हो गया। सभी एसडीएम ने रिपोर्ट बनाई है। इनमें से कुछ ने कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को रिपोर्ट सौंप भी दी है। गोविंदपुरा में भिक्षावृत्ति करने वाले कुल 114 लोगों की प्रोफाइल बनी है। इनमें बच्चों से लेकर महिलाएं और पुरुष भी शामिल हैं। कलेक्टर ने बताया कि तीन दिन में सर्वे करने को कहा गया था, जो पूरा हो गया है। अब समग्र रिपोर्ट बना रहे हैं। इसके बाद भिक्षावृत्ति से जुड़े इन लोगों के पुनर्वास पर काम किया जाएगा। गोविंदपुरा एसडीएम रवीश श्रीवास्तव ने बताया कि तीन दिन तक सर्वे किया गया। कुल 114 लोगों की प्रोफाइल बनाई गई है। यह सर्वे एसडीएम, तहसीलदार और सामाजिक न्याय विभाग ने मिलकर किया है। अब इन चिह्नित लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सर्वेक्षण, पहचान, मोबिलाइजेशन, पुनर्वास और आजीविका के उपाय किए जाएंगे।

## योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिले-ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राज्य शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को मिले,इसी उद्देश्य से इस प्रकार के शिविर विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों पर आयोजित किए जा रहे हैं। यह जनसुनवाई शिविर तब तक जारी रहेगा जब तक आपकी समस्याओं का आंकडा शून्य न हो जाए।

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह बात ग्वालियर में क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 3 में जनसुनवाई में कही। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिले इसके लिए सभी क्षेत्रीय कार्यालय अंतर्गत शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसके बाद प्रत्येक वार्ड में



शिविर आयोजित कर आमजन की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर के दौरान जितनी भी शिकायतें प्राप्त हो रहीं हैं उनका शत प्रतिशत निराकरण किया जाए। अगर निराकरण संभव न हो तो शिकायतकर्ता को अवश्य अवगत करायें। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने जनसुनवाई में आये प्रत्येक हितग्राही के पास जाकर उनकी समस्याओं को सुना और निराकरण भी किया। जनसुनवाई शिविर में 500 से अधिक हितग्राहियों ने लाभ लिया।

## रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव में लगी औद्योगिक उत्पादों की प्रदर्शनी बनीं आकर्षण का केन्द्र

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश में औद्योगिक निवेश को आकर्षित करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विशेष पहल पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस कल्चरल एंड इन्फारमेशन सेंटर में शनिवार को आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव के दौरान औद्योगिक उत्पादों में, डिंडोरी के श्री अन्न, जबलपुर रेडीमेड गारमेण्ट क्लस्टर, ड्रोन एवं गोंड पेन्टिंग सहित भारत सरकार के रक्षा संस्थानों और निजी औद्योगिक संस्थानों से निर्मित सुरक्षा एवं सैन्य संबंधी उत्पादों की लगी प्रदर्शनी आकर्षण का केन्द्र रही।लोगों ने उत्सुकता से प्रदर्शनी के विभिन्न स्टालों को देखा और उनके प्रतिनिधियों से उत्पादों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जबलपुर में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव की थीम संस्कारधानी



में उद्योगों का संगम है। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस कल्चरल एंड इन्फारमेशन सेंटर में बने मां रेवा हाल, जबलपुर हाट और मां शारदा हाल में लगी प्रदर्शनी में कई नामचीन औद्योगिक इकाइयों, प्रतिष्ठित ब्रांडों के उत्पादों और कई तकनीकी नवाचारों को प्रदर्शित किया गया। मां रेवा हाल में पर्यटकों के लिए मध्यप्रदेश के बेजोड़ और समृद्ध प्राकृतिक सौन्दर्य एवं धार्मिक व सांस्कृतिक पर्यटन स्थलों की खूबियों व खासियतों को प्रदर्शित करती पर्यटन के विपुल संभावनाओं के खजाने की नायाब व जीवंत प्रदर्शनी लगाई गई। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस कल्चरल एंड इन्फारमेशन सेंटर के भू-तल स्थित मां शारदा हाल में लगी आर्डिनेंस फैक्ट्री खमरिया, व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर और गन कैरिज फैक्ट्री जबलपुर में निर्मित सैन्य व रक्षा उपकरणों की प्रदर्शनी को देखने लोग उमड़ पड़े। यहां लगी प्रदर्शनी लोगों के खास आकर्षण का केन्द्र रही। प्रदर्शनी में गन कैरेज फैक्ट्री में निर्मित भारतीय सेना द्वारा उपयोग की जा रही अत्याधुनिक धनुष गन और लाइट फील्ड गन के प्रदर्शित स्केल्ड माडल के प्रति लोगों ने खासी दिलचस्पी दिखाई। इसी प्रकार व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर में बने आर्म्ड फाइटिंग टैंक टी-72 के इलेक्ट्रिक उपकरणों व टैंक के इंजन पार्ट और आर्डिनेंस फैक्ट्री जबलपुर में निर्मित विभिन्न प्रकार के राकेट लांचर और 84 मि.मी. स्मोक और एच ई डी पी उपकरण का प्रदर्शन किया गया।

# श्रावण का पहला सोमवार आज, मंदिर परिसर में सैकड़ो जवान हुए तैनात

## बढ़ौरा धाम, नीलकंठ मौहार सहित शिवालयो में भक्तों का उमड़ेगा सैलाब





**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** इस बार सावन के महीने में कई अद्भुत संयोग बन रहे हैं। इस बार सावन के कृष्ण पक्ष में दो सोमवार और शुक्ल पक्ष में तीन सोमवार पड़ रहे हैं, जो भक्तों के लिए अत्यंत लाभकारी माने जा रहे हैं। यह संयोग भक्तों के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति लाएगा। उक्त बातें अयोध्या के पं.विभूतिनारायण मिश्रा ने कहीं साथ ही बताया कि श्रावण मास अत्यंत फलदायी माना गया है, इस दौरान यदि शिव भक्त विधि विधान के साथ भोले बाबा की पूजा अर्चना करते हैं तो निश्चित ही मनोकामना पूर्ण करेगें।

सोमवार 22 जुलाई 24 को सावन माह के प्रथम सोमवार को सीधी के प्रमुख मंदिरो में विगत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी भारी संख्या में शिव भक्तो के पहुँचने की बात कही जा रही है। खासतौर पर चुरहट थाना क्षेत्र अंतर्गत बढ़ौरा मंदिर, बहरी थाना क्षेत्रअंतर्गत नीलकंठ धाम महौर, जमोड़ी थाना क्षेत्रअंतर्गत पड़रा शिव मंदिर सहित अन्य शिव मंदिरों में मंदिर प्रबंधन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा लगभग सभी तैयारियॉ पूर्ण कर ली गयी हैं। सेमरिया चौकी प्रभारी विकास सिंह ने चर्चा के दौरान बताया कि बढ़ौरा धाम में प्रतिवर्ष सावन माह में लगभग लाखों की संख्या में भक्त भोले नाथ के दर्शन एवं जलाभिषेक हेतु आते हैं। किसी भी भक्त को परेशानियों का सामना न करना पड़े इस दिशा में सीधी पुलिस के द्वारा हर वर्ष विशेष तैयारी की जाती है। बढ़ौरा धाम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में लगभग एक सैकड़ा पुलिस के जवानो की चप्पे चप्पे पर पैनी नजर बनी रहेगी। वहीं एक सवाल के जबाब में श्री सिंह ने बताया कि मंदिर परिसर एवं इर्द गिर्द सिविल ड्रेस में भी महिला एवं पुरूष बल द्वारा असमाजिक व्यक्ति एवं उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जायेगी।

सावन का महीना भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने के लिए समर्पित होता है। सावन का महीना भोलेनाथ को प्रसन्न कर उनका आशीर्वाद पाने के लिए उत्तम माना गया है। 22 जुलाई से सावन का पहला सोमवार मनाया जाएगा। सावन का समापन 19 अगस्त को होगा। इस साल चार के बजाए पांच सावन सोमवार होंगे। जिले के प्रसिद्ध शिवालयों में सावन के दौरान भक्तों की भीड़ उमड़ेगी। शिव भक्त विशेष रूप से शिवालयों में जाकर पूजा-अर्चना करेंगे। यहां भक्तों के लिए विशेष आयोजन किए जाएंगे, जिसमें भजन.कीर्तन और रुद्राभिषेक शामिल हैं।

**मंगला गौरी व्रत और मासिक शिवरात्रि:** अयोध्या के पं.विभूतिनारायण मिश्रा ने बताया कि सावन के महीने में मंगला गौरी व्रत का विशेष महत्व है। यह व्रत 23, 30 जुलाई और 6, 13 अगस्त को रखा जाएगा। इन व्रतों और त्योहारों के दौरान भक्त भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना करेंगे।

**रक्षा बंधन का पर्व सावन पूर्णिमा को:** पं.विभूतिनारायण मिश्रा ने बताया कि सावन के महीने की पूर्णिमा में भाई.बहन के पवित्र पर्व रक्षा बंधन है। 19 अगस्त को रक्षा बंधन मनाया जाएगा, जिसमें बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र और सुख.समृद्धि की कामना करेंगी।

## पुलिस अधीक्षक ने जिले में चलाया कांबिंग गस्त अभियान

### फरार चल रहे 60 आरोपियों को किया गिरफ्तार, 21 गुण्डा बदमाश व 18 निगरानी बदमाश को दी हिदायत



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं समस्त अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन एवं समस्त थाना के थाना प्रभारियों के नेतृत्व में सीधी पुलिस ने हत्या, लूट, डकैती, मारपीट, आबकारी आदि विभिन्न अपराधों के प्रकरणों मे जो आरोपी न्यायालय के समक्ष उपास्थित नहीं हुए, उनके विरुद्ध न्यायालय द्वारा स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है।

उक्त लंबे समय से फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के हर संभव प्रयास किये गये है लेकिन गिरफ्तारी नहीं हो पा रही थी। जिसके संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा पूर्व से फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर इनाम राशि की उद्घोषणा की गई थी। अभियान स्तर पर कार्यवाही करते हुये दिनांक 20 एवं 21 जुलाई की दरम्यानी रात एक बार पुनः जिले भर में विशेष अभियान चलाकर 10 स्थाई वारंट एवं 50 गिरफ्तारी वारंट कुल 60 वारंट तमिल किए गए हैं। साथ ही 21 गुण्डा बदमाश एवं 18 निगरानी बदमाशों को कांबिंग गस्त के दौरान चेक कर हिदायत दी गई।


## आदमखोर आए दिन गौवंश को बना रहा शिकार



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** संजय टाइगर रिजर्व मोहन एवं कोर पार्क क्षेत्र में आदमखोर बाघिन आए दिन गौवंश को निशाना बना रही है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बाघिन अपने बच्चों से बिछड गई है, उसके बाद से वह आदमखोर हो गई है। जिसके बाद से वह आदमी के साथ-साथ पशुओं पर हमला कर रही है।

बताया गया कि ग्राम पंचायत कोडार के बांध के समीप आईटीआई के समीप बाघिन होने की बात कही जा रही है। ग्रामींणो ने बताया कि कोडार निवासी मोहन सिहं उक्त स्थल पर गौवंश को चराने हेतु ले गया था, जहॉ गाय के ऊपर अचानक बाघिन ने हमला कर घायल कर दिया, वहीं ग्राम दुआरी में भी बाघिन के द्वारा एक बैल के शिकार करने की बात कही जा रही है। उक्त आदमखोर पर तुरंत शिकंजा कसने हेतु स्थानीय विधायक कुंवर सिंह टेकाम के द्वारा पत्राचार करने की बात कही जा रही है।

## दो अपहृताओ को हरिहयाणा एवं गुजरात से किया गया दस्तयाब



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव के नेतृत्व में जिले में अलग.अलग नाबालिग अपहृताओ को दस्तयाब कर किया परिजनों के सुपुर्द किया गया। पुलिस मुख्यालय द्वारा महिलाओ व बच्चों के विरुद्ध होने वाली घटनाओ में शीघ्र एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गये हैं, जिसको दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ रविंद्र वर्मा द्वारा जिले भर में अपहत बालक बालिकाओं को दस्तयाब करने हेतु निर्देशित किया गया जिस तरताम्य में टीम द्वारा तीन अलग अलग अपहृताओ को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के आधार पर बताया गया कि दो अलग अलग फरियादियों द्वारा 18 जुलाई 2024 को चौकी पिपराव थाना रामपुर नैकिन में उपस्थित आकर इस आशय कि रिपोर्ट लेख कराई गई कि 15 जुलाई 2024 से उनकी नाबालिग घर से गायब है जो कही नही मिली, लगता है कोई अज्ञात व्यक्ति हमारी नाबालिग लड़कियों को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। फरियादियों कि रिपोर्ट पर चौकी पिपराव थाना रामपुर नैकिन मे धारा 137/2 भारतीय न्याय संहिता का अलग अलग अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना एवं पता तलाश पुलिस टीम द्वारा नाबालिक लड़कियों की जानकारी हेतु मे फोटो एवं नाम पता सभी जगह प्रेषित किया गया जिसके आधार पर फरीदाबाद जीआरपी द्वारा रेलवे स्टेशन फरीदाबाद पर संदेह के आधार पर नाबालिग लड़कियों को संदेह के आधार पर बैठाया गया तथा पूछतांछ की गई जो पूछतांछ में बताई की खाने कमाने के लिये मेरठ जा रहे थे लेकिन जानकारी न होने के कारण ट्रेन से यहां तक आ गये। नाबालिगो की जानकारी फरीदाबाद जीआरपी द्वारा सीधी पुलिस को दी गई जो पिपराव चौकी प्रभारी तत्काल रवाना होकर 24 घंटे के भीतर 20 जुलाई 2024 को फरीदाबाद हरियाणा से अपहृताओ को दस्तयाब कर वैधानिक कार्यवाही उपरांत परिजनों के सुपुर्द किया गया।

फरियादी 6 जुलाई 2024 को थाना कोतवाली उपस्थित होकर इस आशय कि रिपोर्ट लेख कराया कि उसकी 17 वर्ष की नाबालिक लड़की 5 जुलाई 2024 को घर से बिना बताये कही चली गयी है आस पास नाते रिस्तेदारी पता किया जो कहीं नही मिली लगता है कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा ले गया है फरियादी कि रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में धारा 137/2 भारतीय न्याय सहिता का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना के दौरान पता चला कि अपहृता सूरत गुजरात में है। थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा टीम गठित कर सूरत गुजरात रवाना किया गया जो टीम द्वारा 20 जुलाई 2024 को दस्तयाब कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## सांसद डॉक्टर मिश्रा ने दी गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने लोकसभा संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता जनार्दन को गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी के कल्याण की कामना की है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे ने बताया कि सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा संसदीय क्षेत्र में कई दिनों तक विभिन्न प्रकार की परियोजनाओं एवं कार्यकर्ताओं के सम्मान समारोह में शामिल होने के पश्चात बजट सत्र हेतु दिल्ली रवाना हो गए हैं। दिल्ली पहुंचने पर विभिन्न मंदिरों में गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर पूजा अर्चना की एवं क्षेत्र वासियों के सुखद भविष्य की कामना की।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस में प्रारंभ हो रहे रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने का अंतिम अवसर




**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस, संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी परिस्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में सत्र 2024-25 में प्रवेश लेने के लिए इच्छुक छात्र-छात्राओं के लिए सीएलसी द्वितीय चरण हेतु ऑनलाइन पंजीयन दिनांक 18 जुलाई से 22 जुलाई 2024 तक होगा तथा सीट आवंटन की सूची 27 जुलाई को प्रकाशित होगी। पूर्व में भी सूचित किया गया है कि महाविद्यालय में मनोविज्ञान, कंप्यूटर साइंस, बायोटेक, बीएससी एग्रीकल्चर एवं बीकॉम इन रिटेल ऑपरेशन मैनेजमेंट के कोर्स प्रारंभ हो रहे हैं। रोजगारोन्मुखी इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को जॉब के लिए भटकना नहीं पड़ेगा बल्कि सरलता से उपलब्ध होगा। बीकॉम इन रिटेल ऑपरेशन मैनेजमेंट का पाठ्यक्रम क्रिस्प नामक संस्था के सहयोग से प्रारंभ हो रहा है जिन्होंने आश्वस्त किया है कि इस पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को जॉब की गारंटी होगी। संस्था उन्हें तुरंत जाब उपलब्ध कराएगी। उच्च शिक्षा विभाग की मंशा है कि इन पाठ्यक्रम के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी के सिंह ने कहा कि अब जिले के विद्यार्थियों को उक्त पाठ्यक्रमों का अध्ययन करने के लिए जिले से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। साथ ही आग्रह किया है कि इन पाठ्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी प्रवेश लें और इस अवसर का लाभ उठाएं।

## मारपीट के आरोपियों को एक वर्ष कठोर कारावास की सजा



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** फरियादी सुधीर सिंह तनय यमुना प्रसाद सिंह उम्र 55 वर्ष साकिन ग्राम बंजारी पुलिस चौकी जमोड़ी में शिकायत दर्ज कराई कि वह अपने खेत जा रहा था, जहां उसने देखा कि परिवार के कुछ लोग वहीं पर अपनी भैंस गाय चरा रहे थें। तब खेत से मवेशियों को बाहर निकालने के लिये कहा गया। वहीं दूर खडे संजु उर्फ संजय सिंह व अन्जू उर्फ प्रभुदेव सिंह हांथ मे लिये लाठी लेकर आये व मुझे दोनो मिलकर गालिया देने लगे और संजु उर्फ संजय सिंह पकड लिया व अन्जू उर्फ प्रभुदेव सिंह ने एक लाठी एवं हाथ मुक्कों से मारपीट की तथा उसे जान से खत्म करने की धमकी दी। उक्त मारपीट से फरियादी की हाथ की अंगुली फ्रैक्चर हो गई। उक्त सूचना के आधार पर कोतवाली में अपराध क्रमांक 274/16 का अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया एवं विवेचना उपरांत अभियुक्तगण के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय सीधी में प्रस्तुत किया गया। जिसके न्यायालयीन प्रकरण में शासन की ओर से शसक्त पैरवी करते हुए एडीपीओ सीनू वर्मा द्वारा मामला संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। परिणामस्वरूप न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की न्यायालय के द्वारा अभियुक्तगण संजय सिंह उर्फ संजू तनय जय सिंह चैहान उम्र 38 वर्ष एवं प्रभुनाथ सिंह उर्फ अज्जू तनय जय सिंह चैहान उम्र 43 वर्ष, दोनों निवासी ग्राम बंजारी थाना जमोड़ी सीधी को धारा 325/34 भादवि में एक एक वर्ष के कठोर कारावास एवं 500/500 रूपए अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया गया।

## सार्वजनिक स्थल पर गंदगी फैलाने पर मिली अर्थदण्ड की सजा



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिलाधिकारी के निर्देशन में अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर जिले में चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में नगर पालिका प्रशासन द्वारा क्षेत्र में लगातार हर घर तक स्वच्छता का संदेश फैलाने का प्रयास किया जा रहा साथ ही क्षेत्र में औचक निरीक्षण कर सार्वजनिक स्थलो पर गंदगी फैलाने वालों को उचित समझाईस एवं दण्डात्मक रवैया अपनाया जा रहा है।

मिनी अग्रवाल सीएमओ नपा ने बताया कि नगर में स्वच्छता अभियान को गति दी जा रही है।

नगर परिषद रामपुर नैकिन सीधी वार्ड क्रमांक 14, नगर परिषद अध्यक्ष रामकुमार साहू व सीएमओ मिनी अग्रवाल के आदेशानुसार उपयंत्री शशिकुमार के मार्गदर्शन में क्षेत्र में लगातार औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसीतारतम्य में पाया गया कि पुप्पराज गुप्ता द्वारा सड़क के किनारे दुकान का निर्माण कार्य पूर्ण करने के उपरांत बचे हुए निर्माण सामग्री सार्वजनिक आवागमन मार्ग में फेंक दिया गया। जिस पर राजस्व विभाग के राजमणि दुबे द्वारा 500 रूपये स्पॉट फाइन किया गया। इस दौरान टीम के प्रमोद यादव, बुद्धसेन पांडे, अमन तिवारी, स्वच्छता पर्यवेक्षक राजु वाल्मीकि उपस्थित रहें।

## सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

### नाबालिग चालक कर रहे रेत का अवैध परिवहन, पूर्व नगर निगम अध्यक्ष ने खोली पोल

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली में नाबालिग ट्रैक्टर ड्राइवर कर रहे हैं और अवैध रेत का परिवहन भी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर रविवार से तेजी से वायरल हो रहा है। नाबालिग चालक होने से ट्रैक्टर मालिक को फायदा यह होता है कि उसे चालक को ज्यादा पैसा नहीं देना पड़ता और सीखने की लालच में अवैध रेत के इस धंधे के भागेदार बन रहे हैं।

नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष चन्द्र प्रताप विश्वकर्मा ने एक वीडियो बनाया है और सोशल मीडिया में डाल दिया है, जिससे पुलिस की खूब किरकिरी हो रही है।

वायरल वीडियो में साफ देखा जा रहा है कि एक नाबालिग चालक रात के अंधेरे में अवैध रेत से लोड ट्रैक्टर को लेकर कहीं जा रहा है।

जानकारी के अनुसार यह वीडियो कोतवाली क्षेत्र के बलियरी में बनाया गया है। चालक से जब पूर्व नगर निगम अध्यक्ष ने पूछा कि तुम्हारी उम्र कितनी है तो चालक ने बताया कि 14 साल, जब उन्होंने पूछा यह ट्रैक्टर किसका है तो चालक ने बताया कि यह ट्रैक्टर जमुआ निवासी अरविन्द शाह का है।

## गुरू पूर्णिमा पर महाविद्यालय को विकसित करने का विधायक ने लिया संकल्प




**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** कुसमी शासकीय महाविद्यालय कॉलेज में गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य रामलाल शर्मा के द्वारा गुरू पूर्णिमा में कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

जहां कुसमी के वरिष्ठ शिक्षक एवं रिटायर्ड शिक्षकों का सम्मान धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने अपने हाथों से किया और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाऐ दी एवं महाविद्यालय को विकसित एवं सुसज्जित करने का संकल्प भी विधायक ने लिया है।

**ये शिक्षक हुये सम्मानितः** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामलाल शर्मा, सीएम राइज पूर्व प्राचार्य पी पी सिंह, पूर्व प्राचार्य डॉक्टर ए एच अन्सारी, कन्या शिक्षा परिषर प्राचार्य पी.के पांण्डेय व्याख्याता के एम मिश्रा, आर बी द्विवेदी सहित अन्य शिक्षको को श्री फल देकर सम्मानित किया है। अपने उद्बोधन मे विधायक ने कॉलेज छात्र छात्राओं को गुरु पूर्णिमा के महत्व को बताते हुए कहा कि पौराणिक काल के महान व्यक्तित्व, ब्रह्मसूत्र, महाभारत, श्रीमद्भागवत और अट्ठारह पुराण जैसे अद्भुत साहित्यों की रचना करने वाले महर्षि वेदव्यास जी का जन्म आषाढ़ पूर्णिमा को हुआ था और उनका जन्मोत्सव गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। आप सभी को अपने गुरूजनो का आदर सम्मान करना चहिये और गुरूओ से अच्छी शिक्षा लेनी चहिये।

**जनभागीदारी मद में दिये 5 लाखः** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर धौहनी विधायक टेकाम ने कॉलेज में हाल में वैकल्पिक व्यवस्था को दुरुस्त करने एवं अन्य जरूरतो की पूर्ति हेतु जन भागीदारी मद में अपने विधायक मद से 5 लाख रुपए देने की घोषणा की गई।

**विज्ञान एव कामर्स संकाय भी होंगे प्रारंभः** धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने अपने उद्बोधन में कॉलेज में विज्ञान एवं कॉमर्स संकाय को चालू करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा है कि इस विषय को लेकर वह काफी दिनों से प्रयासरत थे कतिपय कारण से इस वर्ष दोनों संकाय चालू नहीं हो पाया है लेकिन अगले वर्ष यह विज्ञान और कॉमर्स का संकाय चालू कर दिया जाएगा जिससे आदिवासी अंचल के छात्र.छात्राओं को काफी सुविधा स्थानीय स्तर पर मिल सकेगी।

**ये रहे कार्यक्रम मे शामिलः** गुरु पूर्णिमा के पावर अवसर पर शिक्षक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भाजपा नेता इन्द्र प्रकाश गुप्ता, वरूण पाण्डेय, प्राचार्य डॉ. रामलला शर्मा, डॉ.उमाशंकर तिवारी, डॉ.हरिचरण अहिरवार, महाविद्यालय स्टॉफ डॉ. नजर अली, डॉ. के.बी. मिश्रा, ऋषिकेश सोंधिया, राजभान सिंह, तेज बहादुर सिंह के साथ अन्य जन उपस्थित रहे।

# विचार


## गुरुपूर्णिमा और गोरक्षपीठ: एक दूसरे का गुरुत्व बढ़ाना गुरु-शिष्य की श्रेष्ठतम परंपरा

एक दूसरे का गुरुत्व बढ़ाना गुरु-शिष्य की श्रेष्ठतम परंपरा है। गुरु का गुरुत्व, शिष्य की श्रद्धा में होता है। यह श्रद्धा गुरु के सशरीर रहने पर तो होती ही है, उनके ब्रह्मलीन होने पर भी शिष्य की श्रद्धा जस की तस रहती है। इसी तरह एक योग्य गुरु भी लगातार अपने शिष्य का गुरुत्व बढ़ाने का प्रयास करता है। इस मायने में गोरखपुर स्थित गोरक्षपीठ की तीन पीढ़ियां खुद में बेमिसाल हैं। गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भी हैं। अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ के प्रति उनकी श्रद्धा कितनी गहरी थी, इसके साक्षी पीठ से जुड़े लोग हैं। कम शब्दों में कहें तो अपने समय में ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ का आदेश उनके शिष्य योगी आदित्यनाथ के लिए 'वीटो पॉवर' जैसा था। आज भी पद के अनुरूप अपनी तमाम व्यस्तताओं में से समय निकालकर वह जब भी गोरखनाथ मंदिर पहुंचते हैं तो सबसे पहले अपने स्मृतिशेष गुरुदेव का ही आशीष लेते हैं। यह सिलसिला उनके मठ में रहने तक जारी रहता है। गुरु शिष्य का यही संबंध योगी जी के गुरुदेव और उनके गुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ में भी था। हालांकि गोरक्षपीठ की परंपरा, लोगों को शिष्य बनाने की नहीं है। पर, उत्तर भारत की प्रमुख व प्रभावी पीठ और अपने व्यापक सामाजिक सरोकारों के नाते इस पीठ के प्रति लाखों-करोड़ों लोगों की स्वाभाविक सी श्रद्धा है। गोरखपुर या यूं कह लें कि पूर्वांचल की तो यह अध्यक्षीय पीठ है। पीठ का हर निर्णय अमूमन हर किसी को स्वीकार्य होता है। खासकर पर्व और त्योहारों के मामले में। समय-समय पर पीठ के प्रति यह श्रद्धा दिखती भी है। मकर संक्रांति से शुरू होकर करीब एक माह तक चलने वाला खिचड़ी मेला इसका सबसे बड़ा प्रमाण है। इस दौरान नेपाल, बिहार से लगायत देश भर के लाखों श्रद्धालु गुरु गोरखनाथ को, मौसम की परवाह किए बिना अपनी श्रद्धा निवेदित करने आते हैं। कुछ मन्नत पूरी होने पर आते हैं, कुछ नई मन्नत मांगने भी। गुरु पूर्णिमा के दिन भी जो भी पीठाधीश्वर रहता है, उसके प्रति श्रद्धा निवेदित करने बड़ी संख्या में लोग आते हैं। इसी तरह हर सितंबर में साप्ताहिक पुण्यतिथि समारोह के दौरान अपने गुरुओं को पीठ याद करती है। उनके कृतित्व, व्यक्तित्व, सामाजिक सरोकारों, देश के ज्वलंत मुद्दों पर अलग-अलग दिन संत और विद्वत समाज के लोग चर्चा करते हैं। यह एक तरीके से गुरुजनों को याद करने के साथ उनके संकल्पों को पूरा करने की भी प्रतिबद्धता होती है।

# अमरीकी राजनीति में उम्र पर छिड़ी बहस

**जब नवंबर में अमरीकी मतदान के लिए जाएंगे तो उन्हें जो बाइडेन और डोनाल्ड ट्रम्प के बीच एक परिचित विकल्प का सामना करना पड़ेगा जो 2020 के चुनाव के वही दावेदार थे। यह निर्णय मुश्किलों से भरा है क्योंकि मतदाता 2 खराब विकल्पों में से बेहतर को चुनने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मौजूदा राष्ट्रपति बाइडेन को अपनी उम्र और बहस के प्रदर्शन को लेकर जांच का सामना करना पड़ा है, जबकि ट्रम्प कानूनी परेशानियों के बावजूद समर्थन का एक मजबूत आधार बनाए हुए हैं। ट्रम्प को निशाना बनाकर की गई गोलीबारी की घटना जैसी हालिया घटनाओं ने राजनीतिक परिदृश्य को और अधिक ध्रुवीकृत कर दिया है, जिससे अमरीका के नेताओं की उम्र और फिटनैस पर बहस तेज हो गई है।**





जो बाइडेन को डैमोक्रेटिक प्राइमरी में कोई खास विरोध का सामना नहीं करना पड़ा, हालांकि जून में खराब बहस के प्रदर्शन ने उनकी फिटनैस को लेकर चिंताएं पैदा कीं। ट्रम्प ने 2020 के चुनाव को पलटने के अपने कथित प्रयासों से संबंधित कानूनी मुद्दों का सामना करने के बावजूद आसानी से रिपब्लिकन नामांकन हासिल कर लिया। उनका अभियान सीमा सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखता है, साथ ही उनके सामने आने वाली कानूनी चुनौतियों से संबंधित शिकायतों को भी संबोधित करता है। 13 जुलाई को पेनसिल्वेनिया में एक रैली में हुई गोलीबारी की घटना, जिसमें 20 वर्षीय युवक ने ट्रम्प पर गोली चलाई, जिससे वे मामूली रूप से घायल हो गए और एक राहगीर की मौत हो गई। यह घटना अमरीकी लोकतंत्र के लिए गंभीर चुनौतियों को उजागर करती है।

इस घटना ने ट्रम्प के समर्थकों को उत्साहित कर दिया है, जो मानते हैं कि इससे नवंबर में उनके जीतने की संभावना बढ़ सकती है। राष्ट्रपति बाइडेन अपनी उम्र और स्वास्थ्य को लेकर चिंताओं के बावजूद फिर से चुनाव चाहते हैं। उनके लंबे राजनीतिक करियर में 3 दशक से अधिक समय तक सीनेट में रहना और बराक ओबामा के अधीन उप-राष्ट्रपति के रूप में काम करना शामिल है। उनके राष्ट्रपति पद की अवधि में अमरीका को उच्च मुद्रास्फीति और अंतर्राष्ट्रीय चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। बाइडेन को सी.एन.एन. प्रैजीडैंशियल डिबेट के दौरान अपने कथित कमजोर और अनिश्चित प्रदर्शन के लिए काफी आलोचना का सामना करना पड़ा है, जिससे कई मतदाता यह सवाल उठा रहे हैं कि क्या वे राष्ट्रपति बनने के लिए बहुत बूढ़े हैं। नेताओं की उम्र को लेकर बहस तेज हो गई है, खास तौर पर राष्ट्रपति जो बाइडेन और डोनाल्ड ट्रम्प के बीच। अगर वे चुने जाते हैं, तो उद्घाटन दिवस पर बाइडेन 82 वर्ष के होंगे, जबकि ट्रम्प 78 वर्ष के होंगे। अप्रैल 2024 की प्यू रिसर्च सैंटर की रिपोर्ट ने संकेत दिया कि केवल 15 प्रतिशत मतदाता राष्ट्रपति पद के लिए बाइडेन की शारीरिक फिटनैस के बारे में 'बहुत आश्वस्त' थे, जबकि 21 प्रतिशत मतदाता उनकी मानसिक फिटनैस के बारे में भी ऐसा ही महसूस करते हैं। शारीरिक फिटनैस के लिए ट्रम्प का आत्मविश्वास स्तर 36 प्रतिशत और मानसिक क्षमता के लिए 38 प्रतिशत अधिक था। संयुक्त राज्य अमरीका में औसत आयु लगभग 39 वर्ष है, फिर भी इसके कई शीर्ष नेता काफी अधिक उम्र के हैं। 81 वर्षीय राष्ट्रपति जो बाइडेन और 78 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अमरीकी राजनीति में सबसे बुजुर्ग व्यक्तियों में से हैं। औसत अमरीकी सीनेटर 64 वर्ष का है। 2022 के एक सर्वेक्षण से पता चला है कि आधे से अधिक अमरीकियों का मानना है कि निर्वाचित अधिकारियों के लिए एक आयु सीमा होनी चाहिए, जिसमें 39 प्रतिशत ने सुझाव दिया कि यह सीमा 70 वर्ष होनी चाहिए। हालांकि उम्र बढने से याददाश्त जैसे संज्ञानात्मक कार्य प्रभावित हो सकते हैं, लेकिन यह निर्धारित करने के लिए कोई सार्वभौमिक सीमा नहीं है कि कोई व्यक्ति नेतृत्व के लिए कितना बूढ़ा है। आयुवाद, जो अक्सर वृद्ध लोगों की क्षमताओं को कमजोर करता है, एक व्यापक रूप से बहस का मुद्दा बना हुआ है। हालांकि, नेल्सन मंडेला और वॉरेन बफेट जैसे व्यक्ति यह प्रदर्शित करते हैं कि केवल उम्र ही किसी व्यक्ति की प्रभावशीलता को निर्धारित नहीं करती है और लोग अपने बुढ़ापे में भी सार्थक योगदान दे सकते हैं। अमरीकी संविधान के अनुसार राष्ट्रपति की आयु कम से कम 35 वर्ष होनी चाहिए, लेकिन कोई ऊपरी आयु सीमा नहीं है। सर्वेक्षण किए गए लगभग 80 प्रतिशत अमरीकी वयस्क संघीय निर्वाचित अधिकारियों के लिए ऊपरी आयु सीमा का समर्थन करते हैं। भारत के अलावा, ब्राजील (लूला, 77), बंगलादेश (शेख हसीना, 76) और इंडोनेशिया (प्रबोवो सुबियांटो, 72) जैसे देशों का नेतृत्व भी 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोग कर रहे हैं। इस प्रवृत्ति ने एक बहस को जन्म दिया है। कुछ लोग तर्क देते हैं कि वृद्ध नेता अनुभव और स्थिरता लाते हैं, जबकि अन्य चिंता करते हैं, वे युवा पीढ़ी की जरूरतों से दूर हो सकते हैं। जैसा कि हम नेतृत्व में उम्र की बहस को आगे बढ़ाते हैं, नेताओं की उम्र के बजाय उनके प्रदर्शन और प्रभावशीलता पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है। जबकि उम्र बढने से संज्ञानात्मक कार्य प्रभावित हो सकते हैं, प्रभावी नेतृत्व क्षमता और अनुकूलनशीलता पर निर्भर करता है। प्रभावी नेताओं को यह भी पहचानना चाहिए कि कब पद छोडने और अगली पीढ़ी के लिए रास्ता बनाने का समय है

## 'मानव अंगों के व्यापारी डाक्टर व दलाल' 'गरीबों के अंग बेच-कर रहे मोटी कमाई'

भारत में 'मानव अंग प्रत्यारोपण कानून-1994' द्वारा मानव अंगों के व्यावसायिक लेन-देन को दंडनीय अपराध घोषित किए जाने के बावजूद इस कारोबार में संलिप्त डाक्टरों, अधिकारियों व दलालों के गिरोहों ने इसे धन कमाने का जरिया बना लिया है। ये गिरोह अत्यंत सुनियोजित तरीके से गरीब और जरूरतमंद लोगों को बहुत मामूली रकम पर अपने अंग बेचने को तैयार कर लेते हैं और जरूरतमंदों को भारी रकमों पर बेचते हैं। इसी वर्ष चंद ऐसे ही गिरोहों का पता चला है। इनमें से एक गिरोह बंगलादेश के गरीब लोगों को गुर्दा बेचने के लिए तैयार करके गुरुग्राम लाता और उन्हें कुछ दिन वहां ठहराने के बाद किडनी प्रत्यारोपण के लिए जयपुर ले जाता और वहां के 2 बड़े अस्पतालों में उनके स्वस्थ अंग निकाल कर अमीर व्यक्तियों के शरीर में लगा दिए जाते। 1 अप्रैल को 'भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो' ने अंग प्रत्यारोपण के लिए फर्जी नो ऑब्जैक्शन सर्टिफिकेट (एन.ओ.सी.) जारी करने की एवज में रिश्वत लेने के आरोप में राजस्थान में जयपुर स्थित 'सवाई माधोसिंह अस्पताल' (एस.एम.एस.) के एक अधिकारी से एन.ओ.सी. लेने के बदले में उक्त अधिकारी तथा उसे 70-70 हजार रुपए रिश्वत देने के आरोप में 2 निजी अस्पतालों के अंग प्रत्यारोपण कोओर्डिनेटरों को गिरफ्तार किया।

इस घोटाले के तार दूसरे देशों से भी जुड़े होने और सवाई माधो सिंह अस्पताल में बनी कमेटी के नाम से पिछले 3 वर्षों में नेपाल, बंगलादेश और कम्बोडिया सहित विभिन्न देशों के 800 से अधिक नागरिकों के नाम से विभिन्न अस्पतालों को नो ऑब्जैक्शन सर्टिफिकेट (एन.ओ.सी.) जारी करने का खुलासा हुआ है। इसी वर्ष मई में पुलिस ने केरल से जुड़े एक अंतर्राष्ट्रीय अंग तस्करी रैकेट का पर्दाफाश किया था। गिरफ्तारियों और जांच के दौरान पता चला कि यह गिरोह हैदराबाद और बेंगलुरु के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को मोटी रकम का लालच देकर अंगदान करने के लिए विदेश ले जाता था। इस अंग तस्करी रैकेट के एक संदिग्ध सदस्य 'सबिथ नसर' को 19 मई को कोच्चि हवाई अड्डे से एक अन्य व्यक्ति के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोप है कि 'सबिथ नसर' अंग निकालने के लिए 20 लोगों को भारत से ईरान लेकर गया, जिनकी वहां के एक प्राइवेट अस्पताल में किडनी निकाली गई। बताया जाता है कि ईरान ले जाए गए कुछ लोगों की वहीं मौत भी हो गई। और अब अनेक स्थानों पर छापेमारी के बाद पुलिस ने दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों (एन.सी.आर.), पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश और गुजरात के कई अस्पतालों में जाली दस्तावेजों के आधार पर एक अंतर्राज्यीय किडनी प्रत्यारोपण गिरोह का भंडाफोड़ करके दिल्ली के अपोलो अस्पताल की एक डाक्टर सहित 15 लोगों को पकड़ा है जिनमें किडनी दान करने और प्राप्त करने वाले भी शामिल हैं।

# भारत में तेजी से हो रहा है वित्तीय समावेशन

प्रह्लाद सबनानी

भारतीय रिजर्व बैंक ने बैकिंग, निवेश, बीमा, डाक एवं पेन्शन क्षेत्र के हितधारकों को शामिल करते हुए वित्तीय समावेशन सूचकांक विकसित किया है। दरअसल, भारत में विभिन्न क्षेत्रों में हो रही अतुलनीय प्रगति को दर्शाने के लिए अब अपने सूचकांक विकसित करने की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है क्योंकि वैश्विक स्तर पर वित्तीय एवं आर्थिक क्षेत्र में कार्यरत विदेशी संस्थानों द्वारा विकसित किए गए सूचकांकों के आधार पर किए जाने वाले सर्वे में तो विभिन्न क्षेत्रों में भारत की प्रभावशाली प्रगति की सही तस्वीर पेश नहीं की जा रही है। इन सूचकांकों के आधार पर किए गए कई सर्वे में तो आश्चर्यजनक परिणाम दिखाई देते हैं। जैसे, एक सर्वे में भुखमरी के क्षेत्र में भारत की स्थिति को अफ्रीकी देशों, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, बंगलादेश से भी बदतर बताया गया था। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विकसित किए गए वित्तीय समावेशन सूचकांक के आधार पर मार्च 2024 के परिणाम हाल ही में जारी किए गए हैं। इन परिणामों के अनुसार, भारत में वित्तीय समावेशन मार्च 2017 में 43.4, मार्च 2021 में 53.9 एवं मार्च 2023 में 60.1 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2024 में 64.2 प्रतिशत हो गया है। यह सूचकांक भारत में वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में हुई अतुलनीय एवं स्थिर प्रगति को दर्शाता है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विकसित किया गया यह सूचकांक वित्तीय समावेशन के विभिन्न आयामों (नागरिकों की वित्तीय संस्थानों पर बढ़ती पहुंच, वित्तीय उत्पादों का बढ़ता उपयोग एवं वित्तीय सेवाओं की गुणवत्ता) पर देश में वित्तीय समावेशन के संदर्भ में जानकारी को 0 से 100 तक के मान में बताता है। यदि मान कम है तो देश में वित्तीय समावेशन भी कम है और इसके विपरीत यदि मान अधिक है तो देश में वित्तीय समावेशन भी अधिक है। भारत में यह मान मार्च 2024 में बढ़कर 64.2 प्रतिशत हो गया है। उक्त वर्णित तीन आयामों में कई पैरामीटर शामिल हैं, इनका मूल्यांकन 97 संकेतकों के आधार पर किया जाता है। इस कार्यप्रणाली के कारण ही भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विकसित किया गया यह सूचकांक वित्तीय समावेशन का एक व्यापक



संकेतक बन गया है। वित्तीय समावेशन सूचकांक प्रत्येक वर्ष के जुलाई माह में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किया जाता है। किसी भी देश में वित्तीय समावेशन के बढ़ने का आश्य यह है कि उस देश के नागरिकों की उस देश के बैंकिंग संस्थानों तक पहुंच बढ़ रही है और यह उस देश की अर्थव्यवस्था के औपचारीकरण में मुख्य भूमिका निभाता है। वर्ष 2014 में भारत में प्रधानमंत्री जनधन योजना को लागू किया गया था और इस योजना के अंतर्गत विभिन्न बैकों में गरीब वर्ग के जमा खाते खोलकर उन्हें वित्तीय समावेशन का हिस्सा बना लिया गया था। आज प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत लगभग 52 करोड़ बैंक खाते खोले जा चुके हैं एवं इन जमा खातों में लगभग 2.35 लाख करोड़ रुपए की राशि जमा है। केंद्र एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा देश के गरीब वर्ग को दी जाने वाली सहायता/प्रोत्साहन राशि को भी इन खातों में आज सीधे ही जमा कर दिया जाता है, इसे प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजना के रूप में भी जाना जाता है, जिससे इस क्षेत्र में भ्रष्टाचार लगभग समाप्त हो गया है क्योंकि इससे अंतत: लीकेज कम हुए है और यह सुनिश्चित हुआ है कि योजनाओं का लाभ अंतिम लाभार्थी तक सीधे ही पहुंचे। प्रधानमंत्री जनधन योजना को लागू करने का मुख्य उद्देश्य भारत के दूर दराज के इलाकों में निवासरत नागरिकों को बैंकिंग, बचत और जमा खाते, राशि हस्तांतरण, ऋण, बीमा और पेंशन जैसी वित्तीय सेवाओं को उपलब्ध कराना था। इन उद्देश्यों को प्राप्त करने में प्रधानमंत्री जनधन योजना पूर्ण रूप से सफल रही है और भारत में वित्तीय समावेशन को अगले स्तर पर ले जाने में भी सहायक रही है। साथ ही, प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत खोले गए जमा खातों को भारत की विशिष्ट पहचान प्रणाली (आधार कार्ड) से जोड़कर, केंद्र सरकार ने देश में वित्तीय लेन देन प्रणाली को सुव्यवस्थित कर लिया है एवं बैकिंग व्यवहारों में धोखाधड़ी की सम्भावना को कम करने में भी सफलता अर्जित की है। आज भारत की प्रधानमंत्री जनधन योजना को पूरे विश्व में सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन योजना के रूप में पहिचान मिली है। देश में प्रधानमंत्री जनधन योजना को आज भी वित्तीय समावेशन के मुख्य उपकरण के रूप में माना जा रहा है और इस योजना के अंतर्गत देश के नागरिकों के खाते विभिन्न बैंकों में उसी उत्साह से लगातार खोले जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में भी भारत के विभिन्न बैकों में प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत लगभग 3.3 करोड़ नए जमा खाते खोले गए हैं इससे इस योजना के अंतर्गत खोले गए कुल खातों की संख्या बढ़कर 51.95 करोड़ हो गई है एवं इन जमा खातों में 234,997 करोड़ रुपए की राशि जमा हो गई है। अब देश का एक गरीब नागरिक भी भारत की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान करता हुआ दिखाई दे रहा है। वित्तीय समावेशन के दायरे में लाए गए नागरिक वित्तीय क्षेत्र में साक्षर होने के पश्चात अब तो भारत के पूंजी बाजार (शेयर बाजार) में भी अपना निवेश करने लगे हैं एवं उनकी विभिन्न ऋण योजनाओं एवं बीमा उत्पादों तक पहुंच भी बढ़ गई है। वित्तीय सेवाओं तक इस पहुंच ने देश के नागरिकों को आर्थिक रूप से बहुत सशक्त बना दिया है, इससे अंतत: यह नागरिक शिक्षा, स्वास्थ्य एवं छोटे व्यवसायों में निवेश करने में सक्षम हुए हैं और इस प्रकार इन नागरिकों के जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार हुआ है। भारत में वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में हुई उक्त वर्णित अतुलनीय प्रगति की जानकारी हम आम नागरिकों को तभी मिल पा रही है जब भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत में ही एक सूचकांक विकसित किया है। यदि वित्तीय समावेशन का सूचकांक किसी विदेशी संस्थान द्वारा तैयार किया जाता तो सम्भव है कि भारत की इस महान उपलब्धि को जानने से हम वंचित रह जाते। अब समय आ गया है कि इसी प्रकार के सूचकांक अन्य क्षेत्रों में भी भारतीय वित्तीय एवं आर्थिक संस्थानों द्वारा ही तैयार किए जाने चाहिए,

# शहर में लगातार बढ़ रही बड़ी घटनाऐं, अंकुश लगाने पूर्व विधायक हुए लामबंध

## क्रिप्टो करेंसी क्यूएलओएफ में इनवेस्टमेंट के नाम पर ऑनलाईन मार्केटिंग ट्रेनिंग एप से की गई ठगी पर दिया जोर



**मीडिया ऑडीटर, चिरमिरी निप्र।** बीते 15 दिवस से चिरमिरी शहर सहित मेरे विधानसभा क्षेत्र के परिवार जनों में जो भय, डर एवं बड़ी घटना को लेकर एक अलग ही माहौल देखने को मिल रहा है वह सही नहीं इसपर आज दिवस से लेकर 10 दिवस के भीतर कार्यवाई कर सभी मेरे परिवार जनों को भय मुक्त करें अन्यता आपके थाने के सामने और पुरे थाना परिसर का घेराव कर उग्र आंदोलन होगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी आपकी और स्थानीय प्रशासन की होगी । उक्त कथन मनेंद्रगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक डॉ.विनय जायसवाल ने थाना प्रभारी चिरमिरी को ज्ञापन देते हुए कही. जायसवाल ने यहाँ भी कहा की ऐसी घटनाओं में किसका संरक्षण है यह किसी से छुपा नहीं एक ही पक्ष के ऊपर अपराध दर्ज कर दूसरे पक्ष को सफ़ेद कपड़े पहनना बंद करें कार्यवाई सही हो जो अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहें है उनके ऊपर तत्काल कार्यवाई की जाए ।

पूर्व विधायक ने पोड़ी कालरी में हुए मडर जैसी घटना,कोरिया कालरी में स्थानीय जनों घर में घुस कर मारपीट और डोमनहिल क्षेत्र में निवास रथ परिवार जनों के निवास के मुख्य दरवाजे को तोड़ कर उनके घर में महिलाओं बच्चों के साथ धार दार हथियार से मारपीट करना सही नहीं ऐसी घटनाओं से पूरा शहर डर और भय के वातवरण में अपने आप को देख रहा हैं । इन जैसी घटनाओं को अंजाम देने वाले असमाजिक तत्वों पर तत्काल कार्यवाई होनी चाहिए ।

जायसवाल ने थाना प्रभारी चिरमिरी को पुरे घटना कर्म को अपने पत्र में अंकित करते हुए ऑनलाइन ठगी की घटना पर भी रोक लगाने की बात कही और कर्म वध पत्र में अंकित करते हुए कहा की बीते माह नवम्बर - दिसम्बर 2023 के बीच क्रिप्टो करेंसी में इनवेस्टमेंट के नाम पर क्यूएलओएफ नामक एक कंपनी बाजार में आयी जिसमें निवेश की राशि 3000 हजार रूपये निर्धारित की गयी जिसे माह अप्रैल में बढ़ाकर 6000 हजार रूपये कर दिया गया लोगों का विश्वास जितने हेतु कंपनी द्वारा इस रकम पर मुनाफा भी दिया जा रहा था तथा चेन सिस्टम के द्वारा इस पर ब्याज प्रतिशत बढ़ाने के साथ-साथ अतिरिक्त 1300 रूपये का मुनाफा भी दिया जा रहा था । कंपनी द्वारा 24 जून से रकम निकासी सिस्टम अपग्रेड करने तथा हैकर्स द्वारा हैक किये जाने की बात कर कर निकासी बंद कर दी गयी और 28 जून को के.वाई.सी अपग्रेड करने का हवाला देकर अतिरिक्त या पुनः 6000 रूपये में के.वाई.सी. अपग्रेड की बात कहने लगी औश्र 1 जुलाई से कंपनी पूरी तरह से बंद हो गई। कंपनी लगभग 07 से 08 माह बाजार में संचालित कंपाउड मनी के नाम पर अलग ट्रेडर्स के नामों पर पैसा लेती थी कोरबा से 'शुरू हुई एप्लीकेशन ग्रामीण अंचलों में अपने विदेशी नम्बर से संचालित पांव पसारती हुई चिरमिरी सहित कई अन्य जगहों तक पहुंची जिसने लगभग 10 लाख लोगों से ऑनलाईन ठगी कर लगभग 600 सौ करोड़ रूपये की ठगी की है । चिरमिरी सहित सम्पूर्ण क्षेत्रों में ऐजेंटो के माध्यम से स्कम वसूली की गई है, जिसमें विशेष रूप से मध्यम वर्ग, मजदूर, बेरोजगार युवा एवं गृहणियों को भी अपना शिकार बनाया गया है । इसके साथ ही अल्प समय में ऐजेंटों के द्वारा करोड़ो रूपये की रकम क्षेत्र के नागरिकों से जमा कराई गई है ।

अत्यन्त दुःख का विषय है कि इतने बड़े पैमाने पर हो रहे भ्रष्टाचार के विरूद्ध किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई, रकम वसूली के साथ-साथ बेरोजगार युवक-युवतियों को भी क्रिप्टो करेंसी क्यूएलओएफ का ऐजेंट बनकर रकम जमा कराये जाने एवं कमीशन का लालच देकर ऐजेंटो को भी इस अपराध में फंसाने का कृत किया गया है।

चिरमिरी क्षेत्र के उक्त क्रिप्टो करेंसी क्यूएलओएफ के ऐजेंटो के माध्यम से सही एवं वास्तविक वस्तु स्थिति का पत्ता लगाया जा सकता है तथा उक्त एप के संचालकों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर कार्यवाही किये जाने हेतु क्षेत्र के नागरिकों की गाढ़ी मेहनत की कमाई को वापस दिलाये। क्रिप्टो करेंसी क्यूएलओएफ मार्केटिंग एप द्वारा चिरमिरी के हजारों लोगों से करोड़ों रूपये शासन - प्रशासन की जानकारी के बावजूद ठग लिया गया है एवं स्थानीय प्रशासन मुख्य दर्शक बना रहा ।

क्रिप्टो करेंसी क्यूएलओएफ के संचालकगण एवं उक्त एप के माध्यम से की गई रकम वसूली में शामिल लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर 10 दिवस के भीतर इस गिरोह को भी पकड़ा जाये अन्यथा हमारे द्वारा थाने का घेराव किया जाएगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन की होगी ।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान

## कलेक्ट्रेट परिषर में प्रभारी मंत्री ने जामुन का तो स्वास्थ्य मंत्री ने लगाया आम का पौधा



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** आज एक दिवसीय प्रवास पर आये छत्तीसगढ़ शासन के आदिवासी विकास,अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग एवं जिला प्रभारी मंत्री राम विचार नेताम एवं प्रदेश लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, बीस सूत्रीय कार्यान्वियन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका सिंह, बैकुण्ठपुर विधायक भैयालाल राजवाड़े तथा जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह उपस्थित रहे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान का शुभारंभ किया था।

वहीं राज्य मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 11 जुलाई 2024 को अटल नगर नवा रायपुर स्थित जैव विविधता पार्क में 11 जुलाई को एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूवात की।

इसी कड़ी में आज जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर कलेक्ट्रेट परिषर में कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने जामुन का पौधा, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आम का पौधा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने अमरूद का पौधा, बैकुंठपुर विधायक भैयालाल राजवाड़े ने करंज का पौधा, और जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह ने नीम का पौधा, कलेक्टर डी.राहुल वेंकट ने नीम का पौधा, पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह ने कर्म का पौधा, वनमण्डलाधिकारी मनीष कश्यप ने पीपल का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिससे पृथ्वी के पर्यावरण को बेहतर बनाए रखने एवं सतत विकास की दिशा में सभी अपना योगदान दे सकें।

# खाना बना रही थी पत्नी, पति ने चाकू से गोदा

## अवैध संबंध के चलते हत्या, महिला का पड़ोसी के साथ था अफेयर



**मीडिया ऑडीटर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में अवैध संबंध की वजह से पति ने पत्नी को चाकू से गोदकर हत्या कर दी। मामला पेंड्रा थाना क्षेत्र के गिरारी गांव की है। जमील खान की पत्नी जुबैदा का उसके पड़ोस में रहने वाले अशोक श्रीवास से अवैध संबंध था। जिससे गुस्साए पति ने पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। पति ने कई बार अपनी पत्नी को अशोक श्रीवास से दूर रहने की समझाइश भी दी थी, लेकिन पत्नी जुबैदा नहीं मानी और अशोक श्रीवास से संबंध बनाए रखा। यहां तक कि पत्नी जुबेदा अपने पति को छोड़कर अशोक श्रीवास के घर रहने चली गई थी, जिसके बाद पति जमील खान काफी गुस्से में था।

**खाना बनाने के दौरान किया हमला:** शनिवार की रात पत्नी जुबैदा अपने घर खाना बना रही थी, तभी खाना बनाने के दौरान पति जमील खान ने पत्नी जुबैदा बेगम पर चाकू से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। पति जमील ने चाकू से पत्नी पर कई बार बार किए, जिससे पत्नी जुबैदा की मौके पर ही मौत हो गई।

**महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया:** घटना की जानकारी प्रेमी अशोक और आसपास के लोगों ने पेंड्रा पुलिस को दी। पेंड्रा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

**पत्नी के मोबाइल में मैसेज से हुआ खुलासा:** जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पहले जमील खान को पत्नी जुबैदा खान का इसी गांव के रहने वाले अशोक से प्रेम संबंध होने का शक हुआ। जिसने जुबैदा के मोबाइल में कुछ मैसेज आदि भी देखे और उसको दोनों के बीच प्रेम संबंध का पता चला।

**प्रेमी ने दी पुलिस को जानकारी:** कुछ दिनों पहले से जमील खान और अशोक के बीच इसी बात को लेकर मोबाइल में और प्रत्यक्ष रूप से विवाद भी हो रहा था। शनिवार को भी दोनों के बीच बहस हुई। इसके बाद जमील घर जाकर अपनी पत्नी से मारपीट की और विरोध करने पर उसकी हत्या कर दी। मृतका जुबैदा का प्रेमी अपने प्रेम संबंध को स्वीकारते हुए घटना की जानकारी पुलिस को दी।

# पात्र हितग्राहियों को अनिवार्य रूप से कार्ड उपलब्ध हो : प्रभारी मंत्री

## पीएम आवास में गड़बड़ी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** आज जिला मुख्यालय के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ शासन के आदिवासी विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग एवं जिले प्रभारी मंत्री राम विचार नेताम की अध्यक्षता एवं प्रदेश के लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, बीस सूत्रीय कार्यान्वियन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में जिले की सभी विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

इस बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह, बैकुंठपुर विधायक भैया लाल राजवाड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह, जिला पंचायत सदस्य दृगपाल सिंह भी उपस्थित थे। इस बैठक में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करने के लिए आयोजित की गई थी। बैठक का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति का मूल्यांकन करना और उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश देना था। बैठक की शुरुआत कृषि मंत्री रामविचार नेताम द्वारा की गई, जिन्होंने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने मौजूदा खरीफ सीजन में जिले के कृषकों के लिए जिले में खाद, बीज की समुचित उपलब्धता की जानकारी लेते हुए किसानों को समुचित मात्रा में खाद बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश भी दिए। उन्होंने जिला अधिकारियों को मैदानी इलाकों में किसानों से लगातार फीडबैक लेने के निर्देश दिये। जिन किसानों को मिलावटी बीज मिला उनका भरपाई करने के लिए कृषि विभाग को निर्देशित किये हैं। उन्होंने जिले में कृषि परिक्षेत्र, कृषि विश्वविद्यालय के लिए भूमि आंबटन की स्थिति, बीज उत्पादन के लिए भूमि का चिन्हांकन, जिले में कितने किसान पंजीकृत है तथा कितने किसान अपंजीकृत उनकी जानकारी तैयार कर वंचित कृषकों के लिए अभियान चलाकर युद्ध स्तर कार्य करने के निर्देश दिये इसके साथ उन्होंने जिले के समस्त विभागीय अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के द्वारा आये हुय पत्रों पर कार्यवाही करते हुए एक सप्ताह के भीतर जवाब देने के निर्देश दिये। वाटरशेड के कार्यों को डीपीआर के आधार पर जांच कर गुणवक्तापूर्ण करने के लिए कहा। उन्होंने उद्यान विभाग को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों को नर्सरी ले जाकर घुमाने को कहा। इसके माध्यम से जनप्रतिनिधी किसानों को किस प्रकार प्रेरित करे, जिले के खड़गवा, केल्हारी में नर्सरी विकसीत करने का निर्देश दिये। पषु विभाग को जिले में कुकुट पालन, सुकर पालन, डेयरी फार्म विकसीत करने के निर्देश दिये। इस प्रकार के फार्म जिले में विकसीत होंगे तो लोगों रोजगार उपलब्ध होगा, उनकी आमदनी बढ़गी, अधिकारियों को इसके बारे में सोच कर कार्य करना चाहिए। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना की स्थिति की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि गरीब हितग्राही के साथ जो गड़बड़ी करने वाले लोग है वो या तो वे गरीब लोगों का घर बनाये नहीं तो उनके खिलाफ जिला प्रशासन सख्त कार्यवाही करे। इसमें पुलिस प्रशासन का सहयोग ले। गड़बड़ी करने वालों को कहा कि गरीबों आवास बना दे नहीं तो उनका आवास बना है। गड़बड़ी करने वालों को वहीं भेजा जायेगा। ऐसे लोगों पर सख्त कार्यवाही के दिये निर्देश। उन्होंने रेत खनन के भण्डारण पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। पीएम जन मन की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र हितग्राही योजना से वंचित न हो पाये। सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की जितनी भी योजनाएं हैं उनके कार्ड बनने चाहिए तथा उनको योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। शिविर में पात्र हितग्राहियों इसके लिए जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाये। जिसमें समस्त विभाग अपने-अपने विभागों जानकारी दे।

# स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में साइकिल वितरण कार्यक्रम संपन्न



**मीडिया ऑडीटर, चिरमिरी निप्र।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय चिरमिरी में सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत सत्र 2024 -25 में नवीन अध्यनरत 23 छात्राओ को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष सिंह नेता प्रतिपक्ष पार्षद नगर पालिक निगम चिरमिरी, पुष्पा सिंह नेताम पार्षद नगर पालिका निगम चिरमिरी, कपिल राजवाड़े पार्षद नगर पालिक निगम चिरमिरीके कर कमलो द्वारा प्रदाय किया गया।

इस अवसर पर छात्रों के अभिभावकगण भी मौजूद थे संस्था के प्राचार्य डॉ. डी. के उपाध्याय द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया । इस दौरान अतिथियों ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को बेहतर कैरियर निर्माण एवं सतत प्रयास करने के संकल्प के लिए प्रोत्साहित किया। संस्था के प्राचार्य ने विगत वर्षों का परीक्षा परिणाम एवम अन्य क्रियाकलापों एवम उपलब्धियों की जानकारी अतिथिगण को दिया । इस अवसर पर टुकेशवर पटेल प्रधान पाठक, इश्मीत कौर कोहली प्रधान पाठक, शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक शामिल रहे।

# फंदे पर लटकती मिली युवक की लाश

## शराब के चलते विवाद में मायके गई बीवी, पत्नी वियोग में सुसाइड करने की आशंका



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में रविवार सुबह एक युवक की फांसी पर झूलती लाश मिली है। बताया जा रहा है कि विवाद के बाद पत्नी के मायके चले आने से वह दुखी था। पत्नी अपने से बच्चों को भी ले गई थी। पति पिछले कुछ दिनों से अपने घर में अकेले ही रहता था। सूचना के बाद मल्हार पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई कर रही है। मामला मल्हार चौकी क्षेत्र के ग्राम जैतपुर का है।

जानकारी के अनुसार, मल्हार चौकी क्षेत्र के ग्राम जैतपुर के केवटपारा में रहने वाले दिनेश केवर्त (28) की अपने ही घर के रेंगान (परछी) में साड़ी से बने फंदे में झूलती लाश मिली है। पड़ोसियों ने बताया की मृतक ग्राम जैतपुर में अपने पत्नी और 3 बच्चो के साथ गांव के अलग घर में रहता था। बाहर कमाने खाने गया था और वह 2 महीने पहले ही बाहर से अपने परिवार सहित अपने घर लौटा था।

**शराब के कारण पत्नी से होता था विवाद:** बीते कुछ दिन से युवक शराब पीने का आदी हो गया था, जिसके कारण पत्नी से आए दिन झगड़ा होता था। वहीं कुछ दिन पहले पत्नी से उसका विवाद हो गया था, जिससे गुस्साए पत्नी अपने 3 बच्चों को लेकर अपने मायके दगौरी चली गई है। मृतक पिछले कुछ दिनों से अपने घर में अकेले ही रहता था।

**सुसाइड की वजह स्पष्ट नहीं:** युवक के सुसाइड की वजह का अभी तक पता नहीं चला है। ग्रामीणों ने रविवार सुबह 6 बजे के आसपास उसी की घर में फांसी पर लाश झूलती हुई देखी। ग्रामीणों ने पड़ोस में ही रहने वाले मृतक के माता पिता और मामा को इसकी जानकारी दी। सूचना के बाद मल्हार पुलिस मौके पर पहुंच शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज आगे की जांच कार्रवाई में जुट गई है।

# ठेकेदार के बढ़ाए वेतन पर मजदूरों में असंतोष, चार दिन से कोयला उत्पादन बंद



**मीडिया ऑडीटर, चिरमिरी निप्र।** वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट के अनुसार पूरे विश्व में भारत दुनिया में कोयले का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है, कोयला उत्पादन कार्य जो कि एक तरह से राष्ट्रहित के लिए भी किया जाने वाला कार्य है, जिसे ले कर भारत के कर्मठ एवं देशहित के लिए तत्परता से कार्य करने वाले वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कोएले के उत्पादन में बढ़ोतरी के लिए हर संभव प्रयास करते नज़र आ रहे हैं, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और कोयला मंत्रालय के दिन रात की मेहनत का सफल परिणाम इन दिनों देखने को भी मिला है जहां वर्तमान सर्वे रिपोर्ट के अनुसार, सतत निवेश कार्यक्रम एवं आधुनिक प्रौद्योगिकियों को लागू करने पर व्यापक रूप से बल देते हुए कोयले के अखिल भारत उत्पादन को वर्ष 2022-23 में 893.19 मिलियन टन (अनंतिम) तक बढ़ाना संभव हो पाया है। वर्ष 2023-24 के दौरान कोयले का अखिल भारत उत्पादन 11.65% की सकारात्मक वृद्धि के साथ 997.25 मि. ट. था। कुछ इसी तरह काले हीरे की नगरी के नाम से देश भर में प्रसिद्ध चिरमिरी हिल स्टेशन, जहां कई लंबे समय से एस ई सी एल मिनी रत्न कंपनी कोएला उत्पादन कार्य करते आर रही है। मगर कुछ वर्षों से यहां की दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति रही है, कि चिरमिरी शहर में रोजगार ना होने से यहां के स्थानीय लोग यहां से पलायन करने के लिए बाध्य हो चुके? हैं। कारण भी स्पष्ट है कि यहां की कई खदानों के बंद हो जाने से ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न हुई हैं। जहां की नींव ही कोएला जैसे कीमती खनिज पदार्थ है।

जिसके उत्पादन एवं व्यवसाय से चिरमिरी के स्थानीय परिवारों की रोजी रोटी कई लंबे समय से चल रही है। भारत सरकार प्रयासरत है, कि किस तरह से इसका उत्पादन बढ़े और लोगों को भी रोजगार मिल सके। मगर विशेष सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खबरें मिल रही हैं। कि हाल ही में जनहित के मसलों से और चिरमिरी शहर के स्थायित्व जैसे गंभीर विषय से हट कर और लोगों का ध्यान भटका कर कुछ लोगों द्वारा इस पर भी राजनीतिक रोटियां सेंकी जा रही हैं। जहां एक तरफ चिरमिरी शहर में कई बंद पड़ी खदानों को पुनः संचालन के लिए सरकार कोशिशें कर रही हैं। और कई प्राइवेट कंपनियों के कदम चिरमिरी शहर में पड़ने लगे हैं। जिनके कोएला उत्पादन कार्य से लोगों के लिए भी रोजगार की संभावनाएं बढ़ने लगी हैं। जहां शुन्य से उठ कर अब यही शहर चिरमिरी शुरूआती दौर में अपने लोगों को जीवनयापन के लिए रोजगार के सुनहरे अवसर दे रही है।मगर लोगों को प्रोत्साहित करने की बजाय उनको भड़काया जा रहा है। अभी हाल ही में चिरमिरी शहर में कृष्ण इंफ्रास्ट्रक्चर नाम की प्राइवेट कंपनी ने कोएला उत्पादन के उद्देश्य से यहां अपने कदम रखे हैं। जिससे यहां के स्थानीय लोगों को भी रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। मगर कुछ दिनों से यहां काम कर रहे मजदूरों द्वारा वेतन बढ़ाने की मांगों को ले कर हड़ताल किया जा रहा है। बड़े बुजुर्ग कहते आए हैं कि आधी अधूरी जानकारी घातक होती है, इसी बात पर गंभीरता से चिंतन करते हुए जब इसकी पूरी जानकारी एकत्रित की गई तब कुछ एहम तथ्यों से पर्दा उठाना मुमकिन हो सका। बताया जा रहा है कि कृष्ण इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी में काम कर रहे मजदूरों को जो वेतन भुगतान किया जा रहा था, असल मेंकृष्ण इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के मुकाबले वहीं के आस पास के क्षेत्रों में कोएला उत्पादन कार्य कर रही यहां की ही अन्य प्राइवेट कंपनियों द्वारा अपने मजदूरों कर्मचारियों का वेतन भुगतान कम किया जा रहा है। मगर कृष्ण इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी से मिली जानकारी के अनुसार यहां के मजदूरों की मांगों को देखते हुए वेतन में वृद्धि की गई। मगर इसके बावजूद मजदूरों की वेतन वृद्धि की मांगें अब और बढ़ गई हैं। जिसे ले?कर चल रहे हड़ताल के परिणामस्वरूप यहां कोएला उत्पादन कार्य विगत कई दिनों से बंद है। राष्ट्रहित कार्य में अटकलें आना मतलब पूरे देश को नुक्सान का सामना करना। जिसे यहां के स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी समझना होगा। गुप्त सुत्रों से मिली जानकारी के आधार पर यह बताया जा रहा है कि यहां काम कर रहे मजदूरों को कुछ स्थानीय लोगों द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश के यशस्वी स्वास्थ्य मंत्री और विधानसभा मनेंद्रगढ़ के विधायक श्याम बिहारी जयसवाल जो खुद इसी क्षेत्र के निवासी हैं और चिरमिरी को जिन्होंने अपना परिवार कहा है, जब मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल सत्ता में नहीं थे तब भी और आज जब वे मंत्री बन चुके हैं तब भी, उनके द्वारा सदैव चिरमिरी शहर के उत्थान के लिए बिना किसी संकोच के तत्परता से कार्य किया गया आंदोलन किए गए जिससे कि चिरमिरी शहर के स्थायित्व में जान आ सके, मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल जिन्हें यहां के लोगों के सुख दुख के साथी भी माना गया है, जिनके छवि को धूमिल करने का प्रयास कुछ लोगों द्वारा उनका ही नाम लेते हुए कृष्ण इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी पर दबाव बनाया जा रहा है, वेतन वृद्धि के लिए कृष्ण इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट कंपनी तैयार हो चुकी थी मगर मजदूरों के वेतन में जितनी वृद्ध कंपनी द्वारा की गई उससे असंतुष्ट हो कर मजदूरों द्वारा आंदोलन को निरंतर जारी रखा जा रहा है, जिससे परिस्थितियां अब कोयला उत्पादन को ले कर विपरीत प्रभाव डालते नज़र आ रही हैं। जिससे अन्य प्राइवेट कंपनियों पर भी दुष्प्रभाव पड़ता नज़र आ रहा है, जिससे यहां अन्य कंपनियां अब काम करने से कतराते नज़र आ रही हैं, इस पर नुकसान चिरमिरी शहर को यहां के लोगों को और तो और पूरे राष्ट्र को भी होगा, इसी बात को यदि लोगों के ज़हन में उतर जाए तो सबका साथ सबका विकास जैसे रीति नीति में सफलता मिलेगी। मगर अब आगे देखने वाली बात यह है कि इन सभी मसलों का समाधान कब तक और कैसे किया जाता है और इस पर छत्तीसगढ़ प्रदेश के यशस्वी स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल की क्या प्रतिक्रिया मिलती है?

# बस की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिला के गेरवानी रोड पर सड़क हादसे में बस की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। घटना के बाद मामले की जानकारी लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई में जुट गई। घटना पूंजीपथरा थाना क्षेत्र की है।

बताया जा रहा है कि युवक भुवनेश्वर मनहर पिता काशीराम मनहर सारंगढ़ ग्वालीडीह का रहने वाला था। रविवार सुबह बाइक पर सवार होकर झारखंड की ओर जा रहा था। तभी गेरवानी रोड पर रिंकु ढाबा के पास सामने से सासाराम की ओर से रायगढ़ आ रही बस की चपेट में आ गया।

# नेपाल ने भारत से मांगी मदद और पल भर में जांबांजों की टीम पहुंच गई काठमांडू, भूस्खलन में लापता लोगों को खोजेगा दल

**काठमांडू.** नेपाल में पिछले हफ्ते हुए भारी भूस्खलन की चपेट में आकर लापता हुए कई लोगों को अभी भी खोजा नहीं जा सका है। ऐसे में नेपाल सरकार की अपील पर 12 सदस्यों का दल काठमांडू भेजा गया है, जो लापता लोगों की खोज करेगा। बता दें कि बीते दिनों हुए भूस्खलन के बाद दो बसों के यात्री उफनती नदी में बह गए थे। लापता लोगों की तलाश में मदद के लिए 12 भारतीय बचाव कर्मी भी रविवार को नेपाली सुरक्षा बल के दलों के साथ जुड़ गए। नेपाल के अनुरोध पर राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की भारतीय बचाव टीम शनिवार को बागमती प्रांत के चितवन में पहुंची। एक बस में सात भारतीय नागरिक सवार थे जिनमें से अब तक तीन के शव बरामद हो चुके हैं।

नेपाल ने 12 जुलाई को भूस्खलन के कारण त्रिशूली नदी में बह गई बसों की तलाश के लिए भारत से सहायता मांगी थी। 'द काठमांडू पोस्ट' अखबार की खबर के अनुसार, भारतीय टीम ने रविवार सुबह तलाशी अभियान शुरू किया। 65 यात्रियों को ले जा रही दोनों बसों के नारायणघाट-मुगलिन सड़क खंड पर भूस्खलन की चपेट में आकर त्रिशूली नदी में बह जाने के बाद से कम से कम 19 शव बरामद किए गए हैं। तीन यात्री बस से बाहर निकलने में कामयाब रहे और तैरकर किनारे पर पहुंच गए। तीन सोनार कैमरों सहित आवश्यक उपकरणों से लैस भारतीय टीम में चार गोताखोर शामिल हैं।



**नेपाली सेना भी खोज में जुटी:** नेपाली सेना, पुलिस और सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) की कई बचाव और खोजी टीम घटना के दिन से ही बसों के मलबे और यात्रियों की तलाश कर रही हैं, लेकिन अब तक बहुत कम सफलता मिली है। दोनों बसों में सवार यात्रियों के शव त्रिशूली नदी में 100 किलोमीटर तक बह गए। बसों के साथ बह गए 62 यात्रियों में से 24 के शव नेपाल के विभिन्न स्थानों और भारत से बरामद किए गए हैं। हालांकि, केवल 15 शवों के बारे में यह पुष्टि की गई है कि ये बस में सवार यात्रियों के हैं। सूत्रों ने बताया कि बरामद किये गये शवों में कम से कम चार भारतीयों के हैं।

## नूंह में ब्रजमंडल यात्रा को लेकर मोबाइल इंटरनेट बंद

नूंह। नूंह में कल ब्रजमंडल यात्रा को लेकर रविवार को फ्लैग मार्च निकालती पुलिस और अरावली की पहाड़ियों पर ड्रोन से निगरानी। पिछली बार यहां से पत्थरबाजी और फायरिंग करने का शक जताया गया था। हरियाणा के नूंह में कल सोमवार को ब्रजमंडल यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में पिछले साल जमकर हिंसा हुई थी। जिसमें 7 लोगों की मौत हुई और 150 से ज्यादा गाड़ियां फूंक दी गई थी। इस बार हिंसा न हो, इसके लिए सरकार और प्रशासन ने पुख्ता बंदोबस्त किए हैं। यहां आज 21 जुलाई रविवार शाम 6 बजे से कल 22 जुलाई सोमवार शाम 6 बजे तक 24 घंटे के लिए मोबाइल इंटरनेट बंद कर दिया गया है। एक साथ बहुत सारे यानी बल्क एसएमएस भेजने पर भी रोक लगाई गई है। डोंगल इंटरनेट भी नहीं चलेगा। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस के साथ पैरामिलिट्री फोर्स और कमांडोज तैनात किए गए हैं। ड्रोन के जरिए पूरे नूंह और अरावली की पहाड़ियों की निगरानी की जा रही है। हरियाणा पुलिस लगातार फ्लैग मार्च निकाल रही है। यहां जमीन से आसमान तक सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। नूंह में इंटरनेट बंद करने को लेकर जिला मजिस्ट्रेट धीरेंद्र खड़गट ने कहा- इंटरनेट सेवाओं का मिसयूज कर भड़काऊ सामग्री, झूठी अफवाहों का प्रसार किया जा सकता है। इसके परिणामस्वरूप जिले में सार्वजनिक संपत्तियों व सुविधाओं को नुकसान और कानून एवं शांति व्यवस्था भंग हो सकती है।

## कार को पास नहीं देने पर महिला को मुक्का मारा

पुणे। पुणे में रोड रेज की एक और घटना सामने आई है। इस बार आरोप एक बुजुर्ग दंपती पर है। पीड़ित महिला जेरलिन डीसिल्वा के अनुसार कार चालक ने उनके चेहरे पर घूंसा मारा और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। महिला ने एफआईआर दर्ज कराई, जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। महिला का आरोप है कि 20 जुलाई को दोपहर 1.30 बजे वे अपने चाचा के दो बच्चों के साथ स्कूटी से बानेर रोड से जा रही थी। महाबलेश्वर होटल चौक पर एक सफेद कार ने तेजी से ओवरटेक किया। जब हॉर्न बजाया तो बुजुर्ग ड्राइवर भड़क गया और आगे जाकर स्कूटी के सामने कार लगा दी। महिला के अनुसार, कार से उतरकर आरोपी ने मेरा रेनकोट पकड़ा और गालियां दीं। उसने मेरे चेहरे पर इतनी जोर से मुक्का मारा कि नाक से खून बहने लगा। इसके बाद भीड़ बढ़ने पर वह वहां से भागने लगा। जाते समय वो गिर गया।

## केदारनाथ पैदल मार्ग पर 3 तीर्थयात्रियों की मौत

रूद्रप्रयाग। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर पत्थर गिरने से तीन तीर्थयात्रियों की मौत हो गई है। इस हादसे में 8 लोग घायल हुए हैं। यात्री गौरीकुंड से 3 किलोमीटर दूर चिड़वासा में बने पैदल मार्ग से केदारनाथ धाम की तरफ जा रहे थे, जब वे सुबह करीब 7ः30 बजे पत्थरों की चपेट में आ गए। हादसे की जानकारी रुद्रप्रयाग डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर मैनेजमेंट के नंदन सिंह रजवार ने दी है।

रजवार ने बताया कि मरने वालों में महाराष्ट्र के नागपुर से किशोर अरुण परते, जालना के सुनील महादेव काले और रुद्रप्रयाग के अनुराग बिष्ट शामिल हैं। एसडीआरएफ की टीमों ने हादसे के बाद मलबे से 8 लोगों का रेस्क्यू किया। ये सभी घायल थे, इन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। मौसम विभाग ने भी उत्तराखंड में अगले 48 घंटों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। कुमाऊं क्षेत्र के लिए रेड अलर्ट और गढ़वाल क्षेत्र के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। 21 जुलाई को चंपावत, नैनीताल व उधमसिंह नगर में रेड अलर्ट जारी किया है। जबकि पौड़ी, पिथौरागढ़, बागेश्वर और अल्मोड़ा में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा देहरादून समेत प्रदेश के बाकी जनपदों में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## कोलकाता में टीएमसी की शहीद दिवस रैली



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार (21 जुलाई) को कोलकाता के एस्प्लेनेड में शहीद दिवस रैली की। रैली को ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस नेताओं के अलावा समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने भी संबोधित किया। पश्चिम बंगाल में लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में एकतरफा जीत के बाद टीएमसी की यह पहली बड़ी रैली है। इसमें लाखों कार्यकर्ता शामिल हुए। ममता हर साल शहीद दिवस रैली के मंच से पार्टी की रणनीति की घोषणा करती हैं। टीएमसी की शहीद दिवस रैली में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, जब हम देश की राजनीति को देखते हैं तो आज की चुनौती बढ़ी है। सांप्रदायिक ताकतें षड्यंत्र रच रही हैं। जो सत्ता में लोग हैं और दिल्ली के इशारे पर जो लोग अलग-अलग जगहों पर बैठे हैं वो लगातार षड्यंत्र कर रहे हैं। बंगाल में आपने भाजपा को पीछे छोड़ दिया, उत्तर प्रदेश ने भी आपके साथ मिलकर पीछे छोड़ दिया। ये जो कुछ दिन के लिए सत्ता में आए हैं ये कुछ दिन के मेहमान हैं। दिल्ली की सरकार चलने वाली नहीं है। वो सरकार गिरने वाली है। हम एक दिन देखेंगे कि यही सरकार गिरेगी और हमारे आपके लिए खुशियों के दिन आएंगे। रैली में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, मैं चाहती हूं कि बंगाल के साथ हिंदुस्तान के संबंध अच्छे हों।


## सर्वदलीय बैठक में जेडीयू ने उठाई बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग



दिल्ली/पटना। संसद का मॉनसून सत्र शुरू होने से ठीक एक दिन पहले हुई सर्वदलीय बैठक में कई मुद्दे उठे। बैठक में कांग्रेस ने विपक्ष के लिए लोकसभा उपाध्यक्ष का पद मांगा तो वहीं, सरकार के सहयोगी दल जदयू ने भी विशेष दर्जे का मुद्दा उठाया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। वहीं, बैठक के बाद छ्रुष्ठ नेता संजय कुमार झा ने कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिले, शुरुआत से यह हमारी पार्टी की मांग रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस मांग को लेकर बड़ी-बड़ी रैली है। अगर सरकार को लगता है कि ऐसा करने में कोई समस्या है तो हमने बिहार के लिए विशेष पैकेज की मांग रखी है। हमने बिहार में बाढ़ की समस्या को भी रखा... इसका कारण नेपाल का पानी है जिस पर भारत सरकार ही बात कर सकती है... यही दो मुख्य मुद्दे हमने उठाए हैं। बता दें कि संसद का यह सत्र कैसा होगा, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जब संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने दोनों सदनों को सुचारू रूप से चलाने के लिए हर पार्टी से सहयोग मांगा तो कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने बैठक में कहा कि विपक्ष को संसद में मुद्दे उठाने की अनुमति दी जानी चाहिए। सूत्रों ने बताया कि समाजवादी पार्टी के सांसद रामगोपाल यादव ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से भोजनालयों को कांवड़ मार्ग के मालिकों के नाम दिखाने के विवादास्पद निर्देश का मुद्दा उठाया। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की और संसदीय कार्य मंत्री रीजीजू ने इसका संचालन किया।

## सीतारमण लगातार 7वें बजट के साथ इतिहास रचने को तैयार

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपना लगातार सातवां बजट पेश करके इतिहास रचने वाली हैं। इस तरह वह पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई का रिकॉर्ड तोड़ देंगी। हालांकि, सबसे अधिक बार बजट पेश करने का रिकॉर्ड अब भी देसाई के पास ही है। सीतारमण अगले महीने 65 वर्ष की हो जाएंगी। उन्हें 2019 में भारत की पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री बनाया गया था। इसी साल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्र में लगातार दूसरी बार सरकार बनाई थी। तब से



सीतारमण ने इस साल फरवरी में एक अंतरिम सहित लगातार छह बजट पेश किए हैं। वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल, 2024 से मार्च, 2025) का पूर्ण बजट उनका लगातार सातवां बजट होगा। वह देसाई के रिकॉर्ड से आगे निकल जाएंगी, जिन्होंने 1959 से 1964 के बीच लगातार पांच पूर्ण बजट और एक अंतरिम बजट पेश किया था। स्वतंत्र भारत में बजट पेश करने से जुड़े कुछ तथ्य इस प्रकार हैं। स्वतंत्र भारत का पहला आम बजट 26 नवंबर, 1947 को देश के पहले वित्त मंत्री आर के शनमुखम चेट्टी ने पेश किया था।

पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और बाद में प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के कार्यकाल में वित्त मंत्री के तौर पर कुल 10 बजट पेश किए हैं। पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने नौ मौकों पर बजट पेश किया।

## तेलंगाना सरकार ने शुरू की नई योजना, यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा पास करने वालों को देगी 1 लाख

तेलगांना। . तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने नई योजना शुरू की है, जिसका नाम राजीव गांधी सिविल अभयहस्तम योजना है, जिसके तहत सरकार संघ लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षाओं को पास करने वाले उम्मीदवारों को 1 लाख रुपये देगी। इस योजना का उद्देश्य युवाओं को यूपीएससी मेन्स की तैयारी में मदद करना है। इस योजना का लाभ बीसी, एससी या एसटी श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवार उठा सकते हैं। उनके पास तेलंगाना का स्थायी निवासी होना चाहिए और यूपीएससी मेन्स परीक्षा में पास होना जरूरी है। उनकी पारिवारिक आय 8 लाख रुपये से कम होनी चाहिए और वे सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण करने के प्रयास में केवल एक बार वित्तीय सहायता का लाभ उठा सकते हैं। केंद्र, राज्य या सरकारी क्षेत्र के संगठनों में स्थायी पदों पर कार्यरत उम्मीदवार इस योजना का लाभ नहीं उठा सकते हैं। योजना की शुरुआत करते हुए रेवंत रेड्डी ने कहा- %टीजीपीएससी परीक्षा में पेपर लीक के कारण पिछले 10 सालों में बेरोजगार युवाओं को बहुत नुकसान हुआ। इसीलिए हमारी सरकार ने बेरोजगारों की समस्याओं को दूर करना अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाई। सत्ता में आने के 3 महीने के अंदर 30,000 पदों को भरने के नियुक्ति आदेश दिए गए। हमने अभ्यर्थियों की शिकायतें भी सुनीं और ग्रुप 2 परीक्षा स्थगित कर दी। बेरोजगारों की समस्याओं का समाधान करना हमारी पहली प्राथमिकता है।



## राहुल गांधी ने मल्लिकार्जुन खरगे को दी जन्मदिन की बधाई

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के जन्मदिन पर रविवार को उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि उनकी अथक सेवा और जनता के हितों के प्रति समर्पण प्रेरणादाई है। खरगे आज 82 वर्ष के हो गए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, ''जन्मदिन पर बधाई खरगे जी। आपकी अथक सेवा और जनता के हितों के प्रति समर्पण प्रेरणादाई है। राहुल ने कहा, ''आपकी अच्छी सेहत की कामना है। आपको ढेर सारा प्यार। वहीं, मल्लिकार्जुन खरगे के जन्मदिन पर पीएम मोदी ने भी एक्स पर एक पोस्ट शेयर कर उन्हें बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा- कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे को जन्मदिन की शुभकामनाएं। आपके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना है बता दें खरगे का जन्म 1942 में आज ही के दिन हुआ था। कर्नाटक के दलित नेता खरगे एक साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं। उन्होंने पार्टी, अपने गृह राज्य और केंद्र की सरकारों में कई अहम पद संभाले। वह दो दशक बाद पहले ऐसे कांग्रेस अध्यक्ष बने, जो गांधी परिवार से नहीं हैं।

## हमने सीटें खोई हैं, लोगों का समर्थन नहीं, महाराष्ट्र पार्टी सम्मेलन में बोले भाजपा प्रमुख

मुंबई। महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी ने हालिया संपन्न लोकसभा चुनाव में प्रदेश की कुछ सीटों पर हार के बावजूद उनकी पार्टी को लोगों का समर्थन बरकरार है। प्रदेश के पुणे में आयोजित पार्टी की एक राज्य स्तरीय सम्मेलन को भाजपा नेता संबोधित कर रहे थे। इस सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी के प्रदेश प्रभारी और केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव, सह-प्रभारी अश्विनी वैष्णव समेत अन्य लोग भाग ले रहे हैं। बैठक को संबोधित करते हुये बावनकुले ने कहा, ''लोकसभा चुनाव में भाजपा को प्रदेश में कुछ सीटों का नुकसान हुआ है, लेकिन उनका मतदाता आधार अब भी मजबूत बना हुआ है और इसे लेकर चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होने बताया, ''देश में हुये 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 1.33 करोड़ से अधिक वोट मिले थे । इस संख्या में बढ़ोतरी हुई है और उन्होने आगे बताया कि 2019 के आम चुनावों में, भाजपा को 1,49,12,139 वोट तथा 2024 के आम चुनावों में 1,49,13,914 वोट मिलना स्पष्ट रूप से इंगित करता है

## केजरीवाल को जेल में मारने की साजिश रची जा रही आप नेता संजय सिंह का बीजेपी पर बड़ा आरोप

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने रविवार को भाजपा पर तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि केजरीवाल की मेडिकल रिपोर्ट से पता चलता है कि उनके साथ कभी भी कुछ भी हो सकता है। सिंह ने कहा, भाजपा केजरीवाल के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। पहले वे कह रहे थे कि वह मिठाई खा रहे हैं और अपना शुगर लेवल बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अब वे कह रहे हैं कि उन्होंने खाना कम कर दिया है।



कोई ऐसा क्यों करेगा और अपनी जान को खतरा क्यों पैदा करेगा? उन्होंने कहा, केजरीवाल की हत्या की साजिश है। आम आदमी पार्टी (आप) ने शनिवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना के उस पत्र की आलोचना की जिसमें कथित तौर पर यह आरोप लगाया गया था कि केजरीवाल जानबूझकर खुद को बीमार कर रहे हैं। पार्टी ने भाजपा पर आप नेता की हत्या की भयावह साजिश रचने का आरोप लगाया। उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से शुक्रवार को मुख्य सचिव को भेजे गए पत्र में कहा गया कि सक्सेना ने केजरीवाल द्वारा निर्धारित चिकित्सीय आहार और दवाओं का सेवन नहीं करने पर चिंता व्यक्त की है। केजरीवाल न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं। उन्होंने अधिकारियों से केजरीवाल से इसका कारण जानने को कहा।

## जीतन राम मांझी ने कहा- इंडिया गठबंधन के नेताओं को कानून व्यवस्था की स्थिति पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं

बोधगया। बिहार में कानून व्यवस्था की स्थिति के खिलाफ इंडिया ब्लॉक द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के नेताओं को कानून व्यवस्था की स्थिति पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। घटनाओं पर उचित कार्रवाई की जा रही है...बिहार में कानून व्यवस्था की स्थिति अच्छी है। उत्तर प्रदेश में कांवड़ मार्गों पर खाद्य पदार्थों की दुकानों पर नेम प्लेट लगाने के निर्देश पर जीतन राम मांझी ने कहा कि इसमें कुछ भी गलत नहीं है। इसे धार्मिक चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। इससे पहले मांझी ने कहा कि हर दुकान पर अगर दुकानदार अपना नाम लिखकर रखेंगे तो इसमें हर्ज क्या है, इसे धार्मिक दृष्टिकोण से क्यों देख रहे हैं। कई बार हम किसी दुकान पर जाते हैं और उसे खोजते हैं तो दुकान के नाम से हमें उसे खोजने में आसानी होती है।

## योगी सरकार के नेम प्लेट के फैसले पर जेडीयू ने जाहिर की असहमति, कहा- यह परंपरा सही नहीं

पटना। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कावड़ यात्रियों के लिए बड़ा कदम उठाते हुए कांवड़ मार्गों पर खाने पीने की दुकानों पर नेम प्लेट लगाने का आदेश दिया है। वहीं, इस आदेश के बाद देश में राजनीतिक बहस छिड़ी हुई है। विपक्षी पार्टियों ने योगी सरकार के इस फैसले पर सवाल खड़े कर दिए हैं तो वहीं, भाजपा की सहयोगी पार्टी जदयू ने भी इस फैसले से असहमति जाहिर की है। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि जदयू इसपर कुछ कहना नहीं चाहती है। यह बिल्कुल सही नहीं है। इसमें कुछ न कुछ बदलाव लाना चाहिए। बिहार सरकार पिछले 18 साल से किसी भी समुदाय या जात के लोगों की मदद करने के लिए तत्पर रहती हैं ताकि महादेव का प्रताप उन्हें मिल जाए। यह परंपरा उन्होंने शुरू की है इससे होगा क्या? फिर



दो समुदाय और जाति के बीच भेदभाव होगा। लोग कहेंगे यह अति पिछड़ा है, यह दलित है, इससे हम कुछ नहीं लेंगे, इससे डर बढ़ेंगे। यह परंपरा सही नहीं है। अभी सब लोग यही मानते है कि कांवड़ियों की मदद करने से सबको पुण्य मिलेगा।

## मानसून सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक, 44 पार्टियां शामिल हुईं

नई दिल्ली। मानसून सत्र 22 जुलाई से शुरू हो रहा है। यह 12 अगस्त तक चलेगा। सर्वदलीय बैठक मानसून सत्र के दौरान संसद अच्छे से चलाने के लिए बुलाई जाती है। संसद के मानसून सत्र और बजट से पहले पार्लियामेंट हाउस में ऑल पार्टी मीटिंग बुलाई गई। बैठक में बीजेपी समेत 44 पार्टियों ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता राजनाथ सिंह ने की। कई केंद्रीय मंत्री इसमें शामिल हुए। विपक्ष की तरफ से कांग्रेस, आप, एआईएमआईएम,वॉयएसआरसीपी व अन्य पार्टियों ने हिस्सा लिया। कांग्रेस ने लोकसभा के डिप्टी स्पीकर का पद मांगा। साथ ही कहा- नीट मामले में लोकसभा में चर्चा हो। सपा नेता रामगोपाल यादव ने



यूपी कांवड़ यात्रा रूट की दुकानों पर नेम प्लेट लगाने का मुद्दा उठाया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया- बैठक में जेडीयू ने बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा मांगा, वॉयएसआरसीपी ने आंध्र प्रदेश को भी विशेष दर्जा देने की मांग की। केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई इस बैठक में ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी नहीं आई। पार्टी के नेता डेरेक ओ'ब्रायन ने संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू को चिट्ठी लिखकर बताया कि उनकी पार्टी का कोलकाता में कार्यक्रम है, इसलिए बैठक में शामिल नहीं हो पाएंगे। सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, हमने बहुत उपयोगी चर्चा की।

# सानिया मिर्जा के साथ शादी की अफवाहों पर शमी ने तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के स्टार क्रिकेटर मोहम्मद शमी और टेनिस स्टार सानिया मिर्जा की शादी को लेकर कई अफवाहें उड़ी। बीते दिनों इन अफवाहों के कारण दोनों की नकली फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई। वहीं ये अफवाहें इतनी ज्यादा थी कि सानिया मिर्जा के पिचा को इस खभर का खंडन करना पड़ा। अब इस पर मोहम्मद शमी ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। मोहम्मद शमी ने यूट्यूबर शुभांकर मिश्रा के साथ बातचीत में सामिया मिर्जा के साथ शादी की अफवाहों पर कहा कि लोगों को सोच समझकर मीम्स बनाने चाहिए। किसी के लिए वह मजाक होता है तो किसी की वह जिंदगी से जुड़ा होता है। साथ ही तेज गेंदबाज ने ऐसी अफवाह फैलाने वालों को चुनौती दी है कि हिम्मत है तो वे वैरिफाइड पेज से ऐसा कुछ करके दिखाएं। सानिया मिर्जा और मोहम्मद शमी शादी करने वाले हैं इस खबर के बारे में भारतीय तेज गेंदबाज को कैसे पता चला? इस सवाल का जवाब देते हुए शमी ने कहा कि, कुछ नहीं फोन खोलो तो उसमें अपना ही फोटो दिखता है क्या करेंगे उसमें। मैं एक ही चीज बोलना चाहूंगा किसी को नहीं खींचना चाहिए ऐसा। मीम्स मैं मानता हूं आपके मजाक के लिए मीम्स होंगे वो, लेकिन किसी की जिंदगी से जुड़े होते हैं।

# लाइव क्रिकेट मैच के दौरान मैदान में घुसी लोमड़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ब्रिटेन में इन दिनों वाइटैलिटी टी20 ब्लास्ट टूर्नामेंट खेला जा रहा है। टी20 ब्लास्ट में लाइव मैच के दौरान एक ऐसा नजारा दिखा। जिसमें सभी दंग रह गए। दरअसल, एक लोमड़ी मैदान पर घुस आई और खिलाड़ियों की रूप कांप गई। ये घटना हैम्पशायर बनाम सरे मुकाबले में घटी, जो लंदन के मैदान पर घुस आई और खिलाड़ियों की रूह कांप गई। ये घटना हैम्पशायर बनाम सरे मुकाबले में घटी, जो लंदन के मैदान पर आयोजित हुआ। लोमड़ी का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। लोमड़ी ने किसी को कोई नकुसान नहीं पहुंचाया। वीडियो में देखा जा सकता है कि लोमड़ी मैदान में आने केबाद लगातार दौड़ती रही। ऐसे में मैच को कुछ देर के लिए रोकना पड़ा। हालांकि, लोमड़ी को बाहर निकालने के लिए किसी भी प्राकर के मानवीय हस्तक्षेप की जरूरत नहीं पड़ी। लोमड़ी ने अपना रास्ता खुद ही ढूंढ लिया और बाउंड्री बोर्ड को पार करने के बाद बाहर की तरफ चली गई। लोमड़ी को मैदान में देखकर दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान बिखर गई, कुछ लोगों ने सीटी भी बजाई। गौरतलब है कि हैम्पशायर बनाम सरे मैच हाई स्कोरिंग और रोमांचक रहा। हैम्पशायर ने 184 रन का टारगेट रखा, जिसे सरे ने पांच गेंद बाकी रहते चेज किया। सरे को पांच विकेट से जीत नसीब हुई।

# एमएस धोनी और रिजवान की तुलना पर पाकिस्तानी इन्फ्लुएंसर को हरभजन सिंह ने लताड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हरभजन सिंह ने शुक्रवार को पाकिस्तान के एक इन्फ्लुएंसर को एमएस धोनी और मोहम्मद रिजवान की तुलना करने पर जमकर लताड़ लगाई। हरभजन सिंह ने कहा कि अगर रिजवान की तस्वीरें शेयर करके पूछा कि इन दोनों में से कौन अच्छा है? जिस पर हरभजन सिंह को खुद को रोक नहीं सके और उसे बेहतर खिलाड़ी के बारे में अच्छे से बताया। पाकिस्तान के इन्फ्लुएंसर ने एक्स पर पूछा कि, एमएस धोनी या मोहम्मद रिजवान? कौन बेहतर है, मुझे ईमानदारी से बताओ। इसका जवाब देते हुए हरभजन सिंह ने कहा कि, आजकल क्या फूंक रहे हो? ये कैसा मूर्खों वाला सवाव है? भैया इसको बताओ, धोनी बहुत आगे है रिजवान से, अगर आप रिजवान से पूछोगे तो वह भी आपको इसका सही जवाब देगा। मुझे रिजवान पसंद है, वह अच्छा खिलाड़ी जो बढ़िया खेलता है। लेकिन तुलना करना गलता है धोनी आज भी वर्ल्ड क्रिकेट में नंबर वन है। विकेट के पीछे उससे अच्छा कोई नहीं है। एमएस धोनी को कई लोग क्रिकेट इतिहास का सबसे महान कप्तान मानते हैं। धोनी ने बतौर कप्तान भारत को 2007 टी20 वर्ल्ड कप, 2011 वनडे विश्व कप और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी में जीत दिलाई।

बतौर विकेटकीपर भी उन्होंने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। एमएस धोनी ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है लेकिन वह अब भी युवाओं के लिए आदर्श हैं। धोनी आईपीएल में खेलते हुए नजर आते हैं। उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स को पांच बार चैंपियन बनाया है।

# भारत की नजरें यूएई को हराकर एशिया कप 2024 सेमीफाइनल में जगह बनाने पर होंगी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय महिला क्रिकेट टीम रविवार को संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ जीत दर्ज करके महिला एशिया कप सेमीफाइनल में जगह पक्की करने उतरेगी। गत चैम्पियन भारत ने शनिवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सात विकेट से हराया। यूएई को हरमनप्रीत कौर की टीम को हराने के लिये चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा। भारत के फिलहाल दो अंक और प्लस 2.29 का नेट रनरेट है और अमीरात को हराने से उसके चार अंक हो जायेंगे। पाकिस्तान के खिलाफ दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर ने अच्छी गेंदबाजी की। टीम प्रबंधन को बायें हाथ की स्पिनर राधा यादव से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के जरिये वापसी की है। रेणुका ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' यह अच्छा स्पैल था और मौसम से भी मदद मिली। नेट पर जिस तरह से मैं अभ्यास कर रही हूं, मैच में भी उसे दोहरा सकी।''भारतीय बल्लेबाजों ने आक्रामक प्रदर्शन करते हुए 35 गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने 9 . 3 ओवर में 85 रन की साझेदारी की। इसके बाद भारत ने तीन विकेट जल्दी गंवा दिये। भारतीय खेमा यूएई के खिलाफ मध्यक्रम के बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा होगा। एशिया कप बांग्लादेश में अक्टूबर में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिये अहम माना जा रहा है। रेणुका ने कहा ,'' एशिया कप महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके बाद टी20 विश्व कप से पहले ज्यादा मैच नहीं खेलने हैं। बांग्लादेश में भी हालात ऐसे ही होंगे लिहाजा हमें इस टूर्नामेंट से काफी मदद मिलेगी।'' दूसरे मैच में पाकिस्तान का सामना नेपाल से होगा।

# टीम से ड्रॉप किए जाने पर मोहमद शमी का छलका दर्द




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को 2019 में हुए वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल से ड्रॉप कर दिया गया था। टीम मैनेजमेंट के इस फैसले पर उस समय काफी सवाल उठे थे। शमी ने इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के बावजूद टीम से बाहर किए जाने के निर्णय पर अपना पक्ष रखा है। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने चार मैच में 14 विकेट झटके थे इस दौरान उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ हैट्रिक भी ली। शमी ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच विकेट हॉल हासिल किया।

मोहम्मद शमी को वनडे वर्ल्ड कप 2019 के दौरान भारत के ग्रुप स्टेज के आखिरी मैच से बाहर रखा गया था, जोकि श्रीलंका के खिलाफ था। सबको उम्मीद थी कि सेमीफाइनल में ये खिलाड़ी टीम में वापस आएगा लेकिन उन्हें ड्रॉप कर दिया गया। न्यूजीलैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में हुए सेमीफाइनल में भारत 18 रन से हार गया था। भारत के अनुभवी गेंदबाज मोहम्मद शमी ने शुभंकर मिश्रा के यूट्यूब शो पर कहा कि, 2019 में मैंने शुरुआत के 4-5 दिन नहीं खेले, लेकिन अगले मैच में मैंने हैट्रिक ली। उसके बाद पांच विकेट हॉल लिया। और फिर अगले गेम में चार विकेट चटकाए। 2023 में भी यही चीज हुई। मैं शुरुआत के कुछ गेम में नहीं खेला और फिर पांच विकेट हॉल लिया और फिर चार और उसके बाद पांच विकेट हॉल हासिल किया।

# मनोलो मार्केज को भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम एफसी गोवा के वर्तमान प्रभारी स्पेन के मनोलो मार्केज को शनिवार को भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। वह बर्खास्त इगोर स्टिमक की जगह लेंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति की शनिवार को यहां हुई बैठक में 55 साल के मार्केज को शीर्ष पद के लिए नियुक्त किया गया। मार्केज वर्तमान में आईएसएल टीम एफसी गोवा के मुख्य कोच हैं। एआईएफएफ ने एक बयान में कहा, ''समिति ने दिन के पहले फैसले में सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम के लिए नए मुख्य कोच की नियुक्ति पर विचार-विमर्श किया और तत्काल प्रभाव से इस पद के लिए मनोलो मार्केज का चयन किया।'' उन्होंने कहा, '' मार्केज 2024-25 सत्र में एफसी गोवा के मुख्य कोच के रूप में अपनी भूमिका जारी रखेंगे। वह पूर्णकालिक आधार पर राष्ट्रीय टीम का कोच बनने से पहले दोनों जिम्मेदारियों को एक साथ संभालेंगे।'' एआईएफएफ ने मार्केज के कार्यकाल का खुलासा नहीं किया। भारतीय टीम के 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में जगह बनाने में असफल रहने के बाद स्टिमक को 17 जून को मुख्य कोच के पद से बर्खास्त कर दिया गया था।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत के पाकिस्तान आने की संभावना कम है-पूर्व पीसीबी प्रमुख



**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष खालिद महमूद का मानना है कि भारत अगले साल की शुरुआत में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगा। महमूद एक सेवानिवृत्त वरिष्ठ नौकरशाह हैं। उन्होंने कहा, ''इसकी बहुत कम संभावना है कि वे पाकिस्तान में खेलने के लिए सहमत होंगे।'' उन्होंने कहा कि अगर भारत पाकिस्तान का दौरा नहीं करता है तो यह पीसीबी और आईसीसी के लिए नुकसान का सौदा होगा। महमूद ने कहा, ''भारत सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड है और उसका काफी दबदबा है। अगर वे पाकिस्तान में अपनी टीम नहीं भेजते हैं तो मुझे लगता है कि श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश जैसे देश भी उनकी राह पर चलेंगे।'' महमूद 1989 और 1999 में दो बार पाकिस्तान के जूनियर और सीनियर टीम मैनेजर के रूप में भारत जा चुके है। उन्होंने कहा, '' भारत अगर पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगा तो चैम्पियंस ट्रॉफी का राजस्व प्रभावित होगा। इसके आयोजन का खर्च बढ़ेगा और मुनाफा कम होगा।'' महमूद ने कहा कि पीसीबी को खेल और राजनीति को नहीं मिलाने की अपनी नीति का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा, '' इस स्तर पर आप केवल अपना पक्ष मजबूती से रख सकते हैं और अन्य बोर्डों को अपने पक्ष में करने के लिए मनाने की कोशिश कर सकते हैं। भारत का आईसीसी में बहुत अधिक दबदबा है, ऐसे में जैसे को तैसा की रणनीति अपनाने से पाकिस्तान को कोई फायदा नहीं होगा।'' उन्होंने कहा, ''जब बीसीसीआई कहता है कि वह अपनी टीम नहीं भेज सकता है और अपने मैच पाकिस्तान के बाहर खेलेगा, तो इससे पाकिस्तान के लिए आईसीसी कार्यक्रम की मेजबानी का उद्देश्य कम हो जाता है।

# गौतम गंभीर का कोचिंग स्टाफ अभिषेक नायर-रेयान टेन डोएशेट जाएंगे श्रीलंका, द्रविड़ के साथ को फिर मौका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व ऑलराउंडर अभिषेक नायर और नीदरलैंड्स के पूर्व खिलाड़ी रेयान टेन डोएशेट को भारतीय टीम के कोचिंग स्टाफ में शामिल कर लिया गया है। हालांकि, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इसकी औपचारिक रूप से घोषणा नहीं की है।

नए मुख्य कोच गौतम गंभीर के कोचिंग स्टाफ में राहुल द्रविड़ के साथ टी दिलीप भी शामिल हैं, जो फील्डिंग कोच बने रहेंगे। दिलीप ने न केवल एक प्रभावी फील्डिंग कोच के रूप में अपनी प्रतिष्ठा बनाई है, बल्कि ड्रेसिंग रूप में एक अच्छा सकारात्मक प्रभाव भी बनाया है। माना जाता है कि वह टीम बॉन्डिंग बनाने में बहुत अच्छे हैं। क्रिकबज के रिपोर्ट के अनुसार नायर और टेन डोएशेट दोनों को सहायक कोच नियुक्त किया गया है। नए गेंदबाजी कोच को लेकर अभी भी अस्पष्टता बनी हुई है, लेकिन



साउथ अफ्रीका पूर्व तेज गेंदबाज मोर्ने मोर्कल एक मजबूत उम्मीदवार हैं। इस बात की पूरी संभावना है कि पूर्व दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज को गंभीर की कोचिंग टीम में ये भूमिका मिले। कोचिंग टीम में शामिल सभी नए सदस्य नायर, टेन डोएशेट पहले भी इंडियन प्रीमियर लीग में गंभीर के कोचिंग करियर के विभिन्न चरणों में उनके साथ काम कर चुके हैं। नायर और टेन डोएशेट पिछले सीजन में केकेआर के 2024 में चैंपियन बनने के दौरान उनके साथ थे, जबकि मोर्कल ने लखनऊ सुपर जायंट्स में दो साल तक गंभीर के साथ काम किया था। दिलीप और नायर सोमवार को टीम के साथ श्रीलंका जाएंगे, लेकिन ये स्पष्ट नहीं है कि टेन डोएशेट कब और कैसे टीम से जुड़ेंगे। वह वर्तमान में अमेरिका में चल रहे मेजर लीग क्रिकेट में एलए नाइट राइडर्स के कोचिंग स्टाफ के हिस्से है। वह कोलंबो में सीधे टीम से जुड़ सकते हैं। इसी तरह, मोर्कल की योजनाओं पर भी कोई स्पष्टता नहीं है। क्रिकबज के अनुसार बीसीसीआई ने टीम के गेंदबाजी कोच बनने की संभावना के बारे में उनसे चर्चा की है। भारतीय टीम सोमवार को दोपहर 1 बजे चार्टर फ्लाइट से मुंबई से कोलंबो के लिए रवाना होगी।

टीम के रवाना होने से पहले, बीसीसीआई द्वारा औपचारिक रूप से गंभीर को नए मुख्य कोच के रूप में घोषित किए जाने की उम्मीद है। 22 जुलाई को मुंबई के अंधेरी में एक पांच सितारा होटल में एक मीडिया कॉन्फ्रेंस की योजना बनाई गई है। इसमें नवनियुक्त टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव भी शामिल होंगे। बीसीसीआई प्रमुख जय शाह, जो पहलेसे ही इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के वार्षिक सम्मेलन के लिए कोलंबो में हैं। वह श्रीलंका पहुंचने पर टीम के नए सदस्यों से मिल सकेंगे।

# मनोलो मार्केज को भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम एफसी गोवा के वर्तमान प्रभारी स्पेन के मनोलो मार्केज को शनिवार को भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। वह बर्खास्त इगोर स्टिमक की जगह लेंगे।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति की शनिवार को यहां हुई बैठक में 55 साल के मार्केज को शीर्ष पद के लिए नियुक्त किया गया। मार्केज वर्तमान में आईएसएल टीम एफसी गोवा के मुख्य कोच हैं। एआईएफएफ ने एक बयान में कहा, ''समिति ने दिन के पहले फैसले में सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम के लिए नए मुख्य कोच की नियुक्ति पर विचार-विमर्श किया और तत्काल प्रभाव से इस पद के लिए मनोलो मार्केज का चयन किया।'' उन्होंने कहा, '' मार्केज 2024-25 सत्र में एफसी गोवा के मुख्य कोच के रूप में अपनी भूमिका जारी रखेंगे। वह पूर्णकालिक आधार पर राष्ट्रीय टीम का कोच बनने से पहले दोनों जिम्मेदारियों को एक साथ संभालेंगे।'' एआईएफएफ ने मार्केज के कार्यकाल का खुलासा नहीं किया। भारतीय टीम के 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में जगह बनाने में असफल रहने के बाद स्टिमक को 17 जून को मुख्य कोच के पद से बर्खास्त कर दिया गया था।

## यूरो कप फाइनल में स्पेन को जीतते देखना चाहते हैं बाईचुंग भूटिया

नयी दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ यूरो कप फाइनल में स्पेन को जीतते हुए देखना चाहते हैं और उन्हें उम्मीद है कि लेमिन यमल और निको विलियम्स शानदार प्रदर्शन से दुनिया भर के प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। भूटिया ने कहा, ''स्पेन का पलड़ा निश्चित रूप से फाइनल में भारी होगा क्योंकि जिस तरह से वे खेल रहे हैं, उसे देखकर उनकी टीम पूरी तरह से संतुलित दिख रही है। वे तकनीकी रूप से अच्छा खेल दिखा रहे हैं। उन्होंने छह में से छह मैच जीते हैं। निश्चित रूप से स्पेन की टीम फॉर्म में है। '' भारत के इस 47 वर्षीय महान स्ट्राइकर ने कहा, ''यमल और विलियम्स फिर शानदार प्रदर्शन करेंगे।

### बाक्साइट के अवैध खनन का अजब-गजब खेल

# अबेर की टीपी, मनकहरी में उत्खनन और रीवा में भंडारण कर अल्ट्राटेक को हो रही सप्लाई!

**खनिज विभाग के अधिकारियों के खुले संरक्षण से सरकार को प्रतिमाह लाखों की क्षति**





**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** खनिज के अवैध परिवहन को लेकर सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। वहीं सरकार के ही नुमाइंदों के संरक्षण में दो जिलों के बीच बाक्साइट के अवैध खनन का बड़ा दिलचस्प खेल चल रहा है। दरअसल अवैध उत्खनन की बाक्साइट का परिवहन करने के लिए टीपी सतना के अबेर से बनाई जाती है जबकि बाक्साइट का अवैध उत्त्खनन मनकहरी और बक्छेरा में होता है। इसके बाद अवैध भंडारण रीवा में कर रातोंरात अल्ट्राटेक सीमेंट को सप्लाई कर दी जाती है।

बताया जा रहा है कि इस पूरे खेल में दो लोगों के हाथ है जो कि खनिज विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से करते हैं। यहीं कारण है कि इस पर लगाम नहीं लग पा रही है। सूत्र बताते हैं कि अल्ट्रॉटेक सीमेंट ने बाक्साइट उपलब्ध कराने का ठेका हर्ष सिंह उर्फ़ शंकर को दे रखा है। यह व्यक्ति बायपास स्थिति हीरा पांडेय के यहां भंडारित बाक्साइट का परिवहन करता है। वहीं शंकर खनिज परिवहन के लिए वाहनों की टीपी अबेर की खदानों से बनवाता है जबकि वह बाक्साइट का उत्खनन मनकहरी में अवैध खदान से करता है।

**खनिज विभाग के अधिकारियों की चुप्पी:** बता दें कि इस खनिज के अवैध कारोबार का खुलासा होने पर हीरा पांडेय की भंडारण स्थल में खनिज विभाग ने कार्रवाई कर जुर्माना भी लगाया था। इसके बाद पूरे मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। जबकि खनिज अधिकारी को मौके में बड़ी संख्या में नियम विरूद्ध तरीके से भंडारण मिला था।

**सीमेंट प्रबंधन की मिलीभगत:** बताया जा रहा है कि सीमेंट बनाने के लिए अबेर की बाक्साइट मंगाई जाती है। जबकि परिवाहन रीवा जिले से हो रहा है। इससे जहां जिले को खनिज की रायल्टी नहीं मिल रही है। वहीं संविदाकार को परिवहन व्यय कम आ रहा है। साथ ही रायल्टी भी कुछ वाहनों की देनी पड़ती है जबकि बाक्साइट की सप्लाई बड़ी संख्या में हो रही है। इसमें सीमेंट प्रबंधन के कर्मचारियों की भी मिली भगत है।




**संयुक्त टीम गठित कर की जायेगी कार्रवाई**

वहीं इस संबंध में पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने कहा कि हमारे संज्ञान में यह मामला नहीं आया था, आपके द्वारा जानकारी मिली है। इस पर जांच कर कार्रवाई की जायेगी। अवैध उत्खनन को रोकने और सरकार के राजस्व को क्षति पहुंचाने वालों के खिलाफ पुलिस विभाग और खनिज विभाग की संयुक्त टीम गठित कर कार्रवाई की जायेगी।

## दादाजी की समाधि पर मत्था टेक रहे शिष्य

### कुबेरेश्वर धाम में दीक्षा समारोह, बागेश्वर में गुरु वंदन, सांदीपनि आश्रम में स्लेट पूजन



**मीडिया ऑडीटर, खंडवा/ भोपाल/ उज्जैन/ चित्रकूट निप्र।** गुरु पूर्णिमा पर रविवार को खंडवा में दादा धूनीवाले की समाधि पर मत्था टेककर शिष्य धूनीमाई में आहूति दे रहे हैं। सीहोर के कुबेरेश्वर धाम में एक दिवसीय दीक्षा समारोह मनाया जा रहा है। भोपाल के करुणाधाम में सवा करोड़ मंत्रों की पूर्णाहुति के बाद गुरु पूजन हो रहा है।

उज्जैन के सांदीपनि आश्रम में विद्यारंभ संस्कार किया गया। मुख्य पुजारी पंडित रूपम व्यास ने मंत्रों के साथ स्लेट पूजन करा बच्चों को लिखना सिखाया। छतरपुर के बागेश्वर धाम में 22 जुलाई तक पांच दिवसीय महोत्सव मनाया जा रहा है। दतिया के पीतांबरा पीठ समेत प्रदेशभर में कई धार्मिक स्थान और चित्रकूट के गुरुकुलों में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जा रहा है।

वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में सीएम हाउस में गो-सेवा की। इसके बाद उन्होंने इंदौर में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम में शिरकत की। यहां कहा, 'कुलपति को कुलगुरु कहने की नींव इंदौर में ही पड़ी। तब मैं उच्च शिक्षा मंत्री के रूप में इंदौर आया था।

गुरु जीवन में प्रकाश फैलाते हैं इसलिए कुलपति को कुलगुरु कहने का प्रस्ताव बनाया।' सीएम ने कहा कि शिक्षक दिवस, गुड़ी पड़वा की तरह गुरु पूर्णिमा पर्व भी पूरे प्रदेश में हर साल मनाया जाएगा।

# मैहर जिले की यातायात को व्यवस्थित एवं सुगम बनाया जाये : सांसद

### जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिये गये निर्देश




**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मैहर जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता में रविवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी, कलेक्टर रानी बाटड, अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश वैश्य, एसडीएम विकास सिंह, थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी, आरटीओ संजय श्रीवास्तव, ट्रैफिक इन्चार्ज राशीद परवेज, एनएचआई अभिषेक पाण्डेय, ईई पीडब्ल्यूडी बीआर सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सांसद गणेश सिंह ने कहा कि मैहर नवीन जिला बनाया गया है। इसमें सड़क सुरक्षा को लेकर कई बदलाव की आवश्यकता है। सबसे पहले नेशनल हाइवे में कटनी रोड से रीवा के बीच मैहर जिले के झुकेही, धतूरा, गुगड़ी, रैंगवा, बेरमा, इटमा, खेरवा, भरौली, पोड़ी, तिलोरा, नादन, बरहिया, खामशेड़ा, जरियारी और मैहर से बरही रोड में डेल्हा, भदनपुर घाटी, देवराजनगर, कर्रा जैसे ग्रामीण क्षेत्रों के रोड क्रॉसिंग और पुलिया के ना होने से सड़क हादसे सबसे ज्यादा होते है। सांसद सिंह ने कहा कि विभाग ऐसे चिन्हित स्थानों का निरीक्षण कर ब्लैक स्पाट घोषित कर के व्यवस्था को सुधारे, ताकि सड़क हादसे में होने वाली दुर्घटना को रोका जा सके।

सांसद सिंह ने कहा कि जिगना, तिघरा में सड़क चौड़ी करण का कार्य किया जाना है। मैहर के घंटाघर, स्टेट बैंक चौक, मां शारदा मंदिर जैसे व्यस्ततम क्षेत्र में वाहन पार्किंग की समस्या है। जिसके लिए मल्टी पार्किंग स्टोरी की व्यवस्था किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्टेट बैंक के पास पार्किंग की व्यवस्था को सुधारने के लिए पीडब्ल्यूडी के ऑफिस के पास पार्किंग की व्यवस्था की जायेगी। मां शारदा परिसर में वाहन पार्किंग की व्यवस्था के लिए वन विभाग की 5 हेक्टेयर जमीन है, जिसे मंदिर समिति विधिवत लेकर व्यवस्था कर सकती है। वाहन पार्किंग की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए मोटर साइकिल, कार, बस वाहनों के हिसाब से अलग-अलग पार्किंग की व्यवस्था की जाये।

सांसद ने कहा कि सतना और मैहर जिले में ऑटो रिक्शा की संख्या सबसे ज्यादा है। जिसकी वजह से यातायात प्रभावित होता है। इसमें सुधार करने के लिए ऑटो रिक्शा का दायरा निर्धारित किया जाना चाहिए। जो ऑटो रिक्शा दायरा पार करेगा, उसके खिलाफचालानी कार्यवाही की जाएगी। यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए चालान करना ही एक मात्र उपाय नहीं है, बल्कि लोगों को जागरूक करना भी जरूरी है। इसमें सीट बेल्ट, हेलमेट, ट्रिपल सवारी, गाड़ी की आरसी और इंसोरेंस से संबंधी जागरूक करने की आवश्यकता है।

सांसद ने कहा कि एनसीसी, स्काउट गाइड के बच्चों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा सकता है। साथ ही कॉलेजों में ड्राइविंग लाइसेंस संबंधी शिविर का आयोजन किया जाना चाहिए। मैहर में घंटाघर, रेलवे स्टेशन, स्टेट बैंक चौराहे पर मां शारदा के लाइव दर्शन की व्यवस्था किया जाये। शहर में सिग्नल लाइट की व्यवस्था करें और उसी में सीसीटीवी कैमरे लगाना सुनिश्चित करे।

# गुरुद्वारों में गुरु पूजन करने उमड़ी भीड़

### शिष्यों ने गुरुओं का पूजन कर कृपा प्राप्ति की कामना के साथ आशीर्वाद प्राप्त किया





**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना जिले में गुरु पूर्णिमा पर्व पर मठ-मंदिरों और गुरुद्वारों में भक्तों की भीड़ उमड़ी है। गुरु की महिमा से जुड़े इस पुरातन सनातनी पर्व पर शिष्यों ने अपने गुरुओं का पूजन कर कृपा प्राप्ति की कामना के साथ आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरुद्वारों में इस अवसर पर धार्मिक-आध्यात्मिक कार्यक्रमों के साथ भंडारों का आयोजन भी किया गया है।

चित्रकूट स्थित आचार्य आश्रम में युवराज स्वामी बदरी प्रपन्नाचार्य महाराज के दर्शन-पूजन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। यहां गुरु पूर्णिमा उत्सव का शुभारंभ गोलोकवासी पूर्वाचार्य स्वामी संकर्षण प्रपन्नाचार्य महाराज की पादुकाओं के पूजन के साथ हुआ। इसी तरह चित्रकूट के पुरानी लंका आश्रम में जग–ुरु स्वामी रोहिणीश्वर प्रपन्नाचार्य महाराज के दर्शन-पूजन के लिए भी भक्तों की भीड़ लगी हुई है। चित्रकूट में तुलसी पीठ में जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज ने 108 फुट ऊंची वैष्णव ध्वजा का पूजन कर इसे स्थापित किया। शिष्य-अनुयायियों ने जगद्गुरु का दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। धारकुंडी स्थित परमहंस आश्रम में शिष्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच त्रिशूल पूजन विधान पूर्ण किया और फिर गुरु गद्दी का पूजन कर सद्गुरु के चरणों मे आस्था समर्पित की।

इस अवसर पर यहां हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन - पूजन कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। वन क्षेत्र में स्थित इस आश्रम में गुरु पूर्णिमा के मद्देनजर प्रशासन ने लोगों की सुरक्षा के लिहाज से एहतियाती प्रबन्ध भी किए थे। सतना शहर के समीप सोहावल स्थित छोटा अखाड़ा में गुरु पूर्णिमा पारंपरिक ढंग से मनाई गई।

सर्वप्रथम महंत स्वामी आशुतोष अनंत प्रपन्नाचार्य ने बैकुंठवासी पूर्वाचार्य स्वामी संकर्षण दास महाराज एवं स्वामी रमागोविंदाचार्य महाराज की समाधि पर मत्था टेक कर पादुका पूजन किया। जिसके बाद शिष्यों - अनुयायियों ने गुरु पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। छोटा अखाड़ा में हुए भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं-शिष्यों ने प्रसाद ग्रहण किया।

सोहावल के ही बड़ा अखाड़ा में इस बार गुरु पूर्णिमा उत्सव तोताद्रि महाराज के सानिध्य में मनाया जा रहा है। स्वामी धरणी धराचार्य महाराज ने बैकुंठ वासी पूर्वाचार्य स्वामी कमलाकांताचार्य महाराज की पादुकाओं पर आस्था के पुष्प समर्पित कर पूजन अर्चन किया।

इन स्थानों के अलावा धारकुंडी के परमहंस आश्रम, चित्रकूट के रामायणी कुटी, कामदगिरी प्रमुख मुखारविंद, आमोद वन, संतोषी अखाड़ा, पंजाबी भगवान आश्रम, उचेहरा के रमपुरवा धाम, सतना शहर के संत कुंज आश्रम और डालीबाबा आश्रम, मैहर के बड़ा अखाड़ा, नीलकंठ आश्रम , खजुरी ताल आश्रम में गुरु पूजन कर आशीर्वाद लेने शिष्यों-अनुयायियों की भीड़ उमड़ी।

**मंदाकिनी में लगाई डुबकी:** गुरु पर्व पर भगवान श्रीराम की तपस्थली चित्रकूट पहुंचे श्रद्धालुओं ने पावन सलिला मंदाकिनी में डुबकी लगा कर स्वामी मतगजेंद्र नाथ एवं भगवान कामतानाथ के दरबार मे हाजिरी लगाई और कामदगिरि पर्वत की प्रदक्षिणा की।

## घुवीर मंदिर में गौरी-जया पार्वती व्रत अनुष्ठान शुरू

### 125 कुंवारी कन्याओं ने धारण किया व्रत, शिव-पार्वती की उपासना करेंगी



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** चित्रकूट स्थित परमहंस संत रणछोड़दास महाराज की तपोस्थली जानकी कुण्ड के रघुवीर मंदिर में 5 दिवसीय गौरी और जया पार्वती व्रत अनुष्ठान का आयोजन किया गया है। यह आयोजन पिछले 4 दशक से रघुवीर मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित किए जाने की परंपरा चली आ रही है।

सद्गुरू महिला समिति की अध्यक्ष ऊषा बी जैन ने बताया कि, यह व्रत प्रतिवर्ष आषाढ़ शुक्ल त्रयोदशी से श्रावण कृष्ण द्वितीया तक 5 दिनों में मनाया जाता है। इस अनुष्ठान में कुंवारी बालिकाएं भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना, पूजा और उपासना करती हैं।

इस वर्ष ट्रस्ट परिवार की कुल 125 बालिकाएं इस व्रत में सम्मिलित हुई हैं। प्रथम दिवस ज्वारारोपण के साथ यह व्रत आरंभ होता है। प्रतिदिन नित्य नियम पूजन सहित अन्य विधान के साथ अंतिम दिवस माता का राद जागरण होता है। जिसमें बालिकाएं धार्मिक प्रसंगों पर विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां करती हैं। अंत में ज्वारा विसर्जन के साथ व्रत का उद्यापन होता है। इस कार्यक्रम में भारत भर से आने वाले गुरुभाई-बहनें एवं शिष्य परिवार भी इसमें सम्मिलित होते हैं और व्रत करने वाली बालिकाओं को देवी का स्वरुप मानते हुए पाद प्रच्छालन कर उनका पूजन करते हैं तथा पुण्य लाभ की कामना करते हैं।

## उप मुख्यमंत्री द्वारा किया गया वृक्षारोपण



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल रविवार को मैहर प्रवास के दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत मैहर जिले के ग्राम खेरवासानी अमदरा में पौधारोपण किया। इस मौके पर विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी, कलेक्टर रानी बाटड, जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने, संजय राय, सुरजीत शिवहरे एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मैहर जिले के संक्षिप्त प्रवास के दौरान हार्ट फुल्ल नेश फाउण्डेशन द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। हार्ट फुल्ल नेश फाउण्डेशन वृक्षारोपण के माध्यम से वृक्षरहित पहाड़ियों को हरा-भरा करने का कार्य देश भर में कर रहा है। उप मुख्यमंत्री के आग्रह पर फाउण्डेशन ने कैमोर श्रंखला के विंध्य के पहाड़ों को हरा-भरा करने का बीड़ा उठाया है। मैहर जिले की कैमूर की वृक्षहीन पहाड़ियों में 617 हेक्टेयर क्षेत्र में 6 लाख 17 हजार पौधों का रोपण करेगा। इस वर्ष लगभग 50 हजार पौधे लगाये जायेंगे।

## राज्यमंत्री ने जनता दरबार लगाकर सुनी आमजनों की समस्यायें



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में जिले की आम जनता एवं अन्य गणमान्य नागरिक द्वारा प्रस्तुत की गई समस्याओं से रूबरू हुईं। राज्यमंत्री बागरी द्वारा समस्याओं का निराकरण विभिन्न विभाग से आये अधिकारियों द्वारा कराया गया और जिन समस्याओं का निराकरण शासन स्तर पर किया जाना है उसके लिये प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिये गए।

## अनुपयोगी सामग्री से निर्मित कलात्मक वस्तुओं की प्रदर्षनी में भाग लेने हेतु आवेदन 25 तक

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मैहर मां शारदा की पावन नगरी एवं संगीत संम्राट पद्म विभूषण बाबा अलाउद्दीन खाँ साहब की साधना स्थली मैहर में शास्त्रीय संगीत के उभरते हुये नवोदित कलाकारों कों मंच देने का कार्य जिला प्रशासन के सहयोग से मैहर म्यूजिक अटाला आर्ट सिटी के तत्वाधान में 1 जुलाई 2024 से प्रारंभ किया गया है।

मैहर म्यूजिक अटाला आर्ट सिटी के तत्वाधान में आयोजित होने वाले मासिक संगीत कार्यक्रम 1 अगस्त 2024 को संगीत महाविद्यालय कक्ष में पुराने अनुपयोगी सामग्री से निर्मित कलात्मक वस्तुओं की (अटाला आर्ट) प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। जिसमें जिले के नागरिकगण भाग ले सकते हैं। प्रदर्शनी हेतु केवल पुराने व अनुपयोगी सामग्री से निर्मित कलात्मक सामग्री को शामिल किया जायेगा। इस हेतु कलाकार अपने आवेदन बायोडाटा के साथ 25 जुलाई तक संगीत महाविद्यालय मैहर में प्रभारी अनिल कुमार जायसवाल, सहायक व्याख्याता (मोबा. 7987274350) के पास जमा कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों में से जिला स्तरीय समिति के द्वारा चयन किया जाकर आवेदकों को प्रदर्शनी में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया जायेगा।

## राज्यमंत्री ने किया बराकला में वृक्षारोपण

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने रविवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रतिमान फाउंडेशन के सौजन्य से रैगांव के ग्राम बराकला में ग्रामीणजनों की उपस्थित में पौधरोपण किया।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।